

दैनिक

# पुष्पांजली टुडे

MPHIN/2021/83938

नई सोच नई पहल



ग्वालियरः वर्षः 3 : अंकः 222 | ग्वालियर शुक्रवार, 2 जून 2023 | पृष्ठः 8 मूल्यः 2 रुपए


## पीएम ने की नेपाल के प्रधानमंत्री प्रचंड से मुलाकात, कई समझौतों पर लगी मुहर

**दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड से मुलाकात की. इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की बैठक की. इस दौरान विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बताया कि एजेंडे में अर्थव्यवस्था, ऊर्जा, बुनियादी ढांचे, शिक्षा क्षेत्र और दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों को मज़बूत करना शामिल है. दोनों देशों के बीच यह द्विपक्षीय वार्ता दिल्ली के हैदराबाद हाउस में हो रही



है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की उपस्थिति में दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों में समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए. नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि मुझे याद है कि 9 साल पहले 2014 में कार्यभार सँभालने के तीन महीने के भीतर मैंने नेपाल की अपनी पहली यात्रा की थी। उस समय मैंने भारत-नेपाल संबंधों के लिए एक हिट फार्मूला दिया था- हाईवेस, आई-वे, और ट्रांस-वे. पीएम मोदी ने कहा कि आज मैंने और प्रधानमंत्री प्रचंड ने भविष्य में अपनी पार्टनरशिप को सुपरहिट बनाने के लिए बहुत से महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं. आज ट्रांजिट अग्रीमेंट संपन्न किया गया है. पीएम मोदी ने आगे कहा कि आज भारत और नेपाल के बीच लॉन्ग टर्म पावर ट्रेड एग्रीमेंट संपन्न हुआ है. इसमें हमने आने वाले 10 वर्षों में नेपाल से 10 हज़ार मेगावाट बिजली आयात करने का लक्ष्य रखा है.

## न्यूज़ ट्रैक

### सीएम भगवंत मान ने जेड प्लस सुरक्षा लेने से किया इनकार





**नई दिल्ली।** पंजाब के सीएम भगवंत मान को लेकर बड़ी खबर सामने आ रही है. मुख्यमंत्री मान ने हाल में केंद्र की ओर से मुहैया कराई गई जेड सुरक्षा लेने से इनकार कर दिया है. सीएम भगवंत मान ने कहा है कि, उन्हें पंजाब पुलिस पर पूरा भरोसा है. उन्होंने कि सुरक्षा के लिए उन्हें किसी तरह की अतिरिक्त श्रेणी की सिक्योरिटी नहीं चाहिए. इसको लेकर सीएम मान ने बकायदा केंद्र सरकार को एक पत्र भी लिखा है. इस लेटर में उन्होंने विस्तार से जेड प्लस सुरक्षा ना लेने की वजह भी बताई है. पंजाब के सीएम भगवंत मान को एक हफ्ते पहले केंद्र सरकार की ओर से जेड प्लस सिक्योरिटी दी गई थी. इस संबंध में केंद्र की ओर से सीआरपीएफ को निर्देश दिए गए थे कि वे सीएम मान की सिक्योरिटी और सुरक्षा कवच को लेकर तक्काल एक्शन लें. इसके तहत उन्हें जेड प्लस श्रेणी की सुरक्षा कवच मुहैया करवाई जाए. बता दें कि खालिस्तानी एक्टिविटीज के चलते सीएम भगवंत मान की सुरक्षा में बढ़ोतरी करने का फैसला लिया गया था. इसको लेकर खास तौर पर केंद्रीय खुफिया और सुरक्षा एजेंसियों ने केंद्र को आगाह करने के साथ सुरक्षा घेरा बढ़ाने के लिए रिकमंड किया था. बता दें कि जेड प्लस सिक्योरिटी के तहत सीएम मान के साथ-साथ उनके परिवार के सदस्यों को खास सुरक्षा मुहैया कराई जाती है. वहीं मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा है कि उन्हें पंजाब या दिल्ली जाने पर किसी अतिरिक्त सुरक्षा की जरूरत नहीं है. उन्हें पंजाब पुलिस की ओर से दी जा रही सुरक्षा पर पूरा भरोसा है. सीएम मान की सिक्योरिटी टीम ने केंद्र को लिखे पत्र में बताया कि पंजाब और दिल्ली में सीएम मान को दो सुरक्षा चक्र की सिक्योरिटी मिलती है जो काफी है. उन्हें इसके अतिरिक्त सुरक्षा की जरूरत नहीं है. बता दें कि सिक्योरिटी के लिहाज के अलग-अलग श्रेणी में सुरक्षा घेरे तैयार किए गए हैं. जिन्हें अलग-अलग नाम दिए गए हैं. जेड प्लस सिक्योरिटी के तहत कुल 55 कमांडो का सुरक्षा घेरा होता है, इनमें 10 से अधिक हस्त्र कमांडो भी होते हैं. ये सभी संबंधित व्यक्ति के साथ-साथ उनके परिवार के लोगों की सुरक्षा का भी ध्यान रखते हैं.

### सेक्स से इनकार करने पर हैदराबाद में पति ने पत्नी की गला दबा कर की हत्या



**हैदराबाद।** हैदराबाद में सेक्स से इनकार करने पर एक शख्स ने अपनी पत्नी की गला दबा कर हत्या कर दी। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में मौत के कारणों का खुलासा हुआ। हालांकि अपराध 20 मई की रात को किया गया, लेकिन पुलिस को सुलझाने में 10 दिन लग गए। आरोपी जाटवथ तरुण (24) ने पुलिस के सामने कबूल किया कि उसने अपनी पत्नी झांसी (20) का गला घोंट दिया, क्योंकि उसने उसके साथ यौन संबंध बनाने से इनकार कर दिया था। तेलंगाना के नगरकुरनूल जिले के रहने वाले इस जोड़े ने 2021 में लव मैरिज किया था। ऑटो रिक्शा चालक तरुण अपनी पत्नी के साथ हैदराबाद चला गया। दंपति का दो साल का एक बेटा है। झांसी ने 16 अप्रैल को बेटी को जन्म दिया। तरुण ने पुलिस को बताया कि 20 मई की रात उसने सेक्स की इच्छा जाहिर की। झांसी ने उसे बताया कि वह बहुत थकी हुई है। लेकिन तरुण उसके साथ जबरदस्ती करने लगा। जब वह चिल्लाने लगी तो उसने हाथ से उसका मुंह दबा दिया और गला घोंट दिया। जब वह बेसुध हो गई और मुंह से झाग निकलने लगा तो तरुण ने घबराकर परिजनों को इसकी सूचना दी। महिला को ओवैसी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल के अधिकारियों ने पुलिस को सूचित किया, जिसने शव को पोस्टमार्टम के लिए उस्मानिया जनरल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया।

### भाजपा ने बनाया लोकसभा चुनाव के लिए मास्टर प्लान, यूपी में सभी सीटें जीतने का लक्ष्य



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में 80 लोकसभा सीटों को जीतने के लक्ष्य की रणनीति को धार दे रही है। इसके लिए मास्टर प्लान तैयार है। केंद्र सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पार्टी ने महाजनसंपर्क अभियान शुरू किया है जो 30 जून तक चलेगा। इसके तहत मोदी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी 80 लोकसभा और 403 विधानसभा क्षेत्रों, भाजपा संगठन के 1,918 मंडलों, 27,634 शक्ति केंद्रों और 1,74,359 बूथों पर कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। पार्टी रणनीतिकारों ने कहा है कि पहली से 20 जून तक हर लोकसभा क्षेत्र में एक बड़ी जनसभा आयोजित की जाएगी। इनमें से कुछ जनसभाओं को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी संबोधित कर सकते हैं। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने बताया कि सरकार के 9 वर्ष पूरे होने पर प्रदेश में एक महाजनसम्पर्क अभियान चलेगा जिसके तहत प्रदेश के सभी 80 लोकसभा क्षेत्रों और 1918 मंडलों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि यूपी के सभी लोकसभा क्षेत्रों को 21 क्लस्टर में बांटा गया है। लोकसभा क्षेत्र के स्तर पर 1 से 20 जून तक कार्यक्रम होंगे। इसके बाद सभी लोकसभा क्षेत्रों में एक बड़ी रैली होगी। प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में प्रबुद्ध सम्मेलन व व्यापारी सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के सभी जिलों में संपर्क से समर्थन अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत जिले के 250 प्रतिष्ठित परिवारों से संपर्क किया जाएगा। अभियान में पूर्व पदाधिकारियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को भी सक्रिय किया जाएगा।

## अमित शाह बोले- हथियार कर दें सरेंडर नहीं तो होगी दंडात्मक कार्रवाई


**दिल्ली।** देश के पूर्वोत्तर के राज्य मणिपुर में पिछले एक महीने से जातीय हिंसा जारी है. इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अपने चार दिवसीय दौरे पर मणिपुर पहुंचे हुए हैं. इस दौरान अमित शाह ने इंफाल में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा कि पिछले 6 वर्षों से जब से मणिपुर में भाजपा की सरकार आई मणिपुर बंद, कर्फ्यू और हिंसा से मुक्त हो गया था. मणिपुर में डबल इंजन की सरकार ने विकास के सभी पैमानों में अभूतपूर्व सिद्धि हासिल की. पिछले 1 महीने में मणिपुर में हिंसक घटनाएं हुई हैं. जिन नागरिकों की हमल की हिंसा में मृत्यु हुई है उनके परिजनों के प्रति प्रधानमंत्री मोदी, मेरी तरफ से और भारत सरकार की तरफ से संवेदना व्यक्त करता हूं. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि इन 2 दिनों में मैंने मणिपुर के अलग-अलग हिस्सों में जाकर नागरिकों के प्रतिनिधिमंडल और आहत लोगों से मिलने का प्रयास किया है. अधिकारियों के साथ भी बैठक की हैं...भारत सरकार हिंसा, हिंसा के कारण और हिंसा में किसकी ज़िम्मेदारी है इन सभी चीजों की




जांच के लिए हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस स्तर के रिटायर्ड न्यायाधीश का न्यायिक आयोग गठित करके जांच करेगी. 29 अप्रैल को मणिपुर हाईकोर्ट के एक जल्दबाज फैसले के कारण यहां पर जातीय हिंसा और दो ग्रुप के बीच में हिंसा की शुरुआत हुई. इंफाल में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मणिपुर में हिंसा के जितने भी मामले दर्ज़ किए गए हैं इनमें से 5 मामले चयनित किए गए हैं और एक मामला हिंसा के षड्यंत्र का दर्ज़ करके इन 6 मामलों की जांच छ्ब्ब्छ्ठ करेगी। निष्पक्ष जांच की जाएगी.

### कीव में मिसाइल हमले में दो बच्चों की मौत

**कीव।** कीव को निशाना बनाकर किए गए एक मिसाइल हमले में दो बच्चों और एक वयस्क की मौत हो गई, जबकि चार अन्य लोग घायल हो गए। यूक्रेन के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, बुधवार रात हुए हमले के बाद शहर के पूर्वी देसन्यांस्की जिले में बच्चों की मौत बताई गई है। रूस यूक्रेन की राजधानी पर नियमित रूप से मिसाइलों और ड्रोन से हवाई हमले करता रहा है, आमतौर पर रात के समय। कीव के मेयर विटाली क्लिट्सको ने हमले को बड़ा बताते हुए लोगों से आश्रयों को नहीं छोड़ने का आग्रह किया था।



### कर्नाटक में बेटी से रेप के आरोप में 20 साल की जेल

**दावणगेरे (कर्नाटक)।** कर्नाटक के दावणगेरे जिले की एक अदालत ने एक व्यक्ति को अपनी बेटी से बलात्कार करने के आरोप में 20 साल कैद की सजा सुनाई है। जिले की पॉक्सो फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने बुधवार को यह आदेश पारित किया। यह शख्स लंबे समय से अपनी बेटी का यौन शोषण कर रहा था। इस घटना की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी थी। जेल की सजा के अलावा, न्यायाधीश एन. श्रीपदा ने आरोपी पर 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया और राज्य सरकार को पीड़िता को मुआवजे के रूप में 5 लाख रुपये देने का निर्देश दिया।

### सुप्रीम कोर्ट का दो हजार रुपये के नोट बदलने के मामले में तत्काल सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** सर्वोच्च न्यायालय ने गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के 29 मई के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका पर तत्काल सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें बिना किसी पहचान के 2,000 रुपये के नोट बदलने की अनुमति दी गई थी। जस्टिस सुधांशु धूलिया और के.वी. विश्वनाथन ने व्यक्तिगत रूप से पेश हुए अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय से कहा, अदालत छुट्टी के दौरान इस प्रकार के मामलों को नहीं ले रही है और आप भारत के मुख्य न्यायाधीश से इसका उल्लेख कर सकते हैं।



उपाध्याय ने प्रस्तुत किया कि अपहरणकर्ता, गैंगस्टर, ड्रग तस्कर आदि अपने पैसे का आदान-प्रदान कर रहे हैं और मीडिया रिपोर्टें के अनुसार एक सप्ताह में 50 हजार करोड़ रुपये का आदान-प्रदान किया गया है और अदालत से इस मामले में तत्काल सुनवाई करने का आग्रह किया है। पीठ ने दोहराया कि हम कुछ नहीं कर रहे हैं, आरबीआई के संज्ञान में लाएं। उपाध्याय ने जोर देकर कहा कि खनन माफियाओं, अपहरणकर्ताओ द्वारा पैसे का आदान-प्रदान किया जा रहा है, न तो मांग पर्ची की आवश्यकता है और न ही पहचान प्रमाण की आवश्यकता है।

### पाकिस्तान ने टीवी चैनलों को नफरत फैलाने वालों के लिए एयरटाइम नहीं देने को कहा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया नियामक प्राधिकरण (पेमरा) ने टेलीविजन चैनलों को एक नया दिशानिर्देश जारी किया है जिसमें कहा गया है कि मीडिया को नफरत फैलाने वालों, अपराधियों और उनके मददगारों का बहिष्कार करना चाहिए और उन्हें सतर्क रहने और ऐसे लोगों को एयरटाइम नहीं देने की सलाह दी। जियो न्यूज ने बताया कि बुधवार को जारी पेमरा अधिसूचना में कहा गया है कि संविधान नागरिकों को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार की गारंटी देता है, लेकिन इसके अपवाद भी हैं। बयान में कहा गया है, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की रक्षा और सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के बीच संतुलन बनाना महत्वपूर्ण है। फिर इसने 9 मई को ब्लैक डे की घटनाओं का उल्लेख किया जब पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद देश के कई शहरों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। अधिसूचना में कहा गया, एक राजनीतिक दल के कट्टरपंथियों ने देश और सार्वजनिक संपत्तियों पर हमला किया, निर्दोष जीवन को खतरे में डाला और देश और संस्थानों को कमजोर करने के लिए राज्य विरोधी ताकतों को बढ़ावा दिया, इस संबंध में सावधानी बरतनी चाहिए। यह एक भयानक प्रवृत्ति है, जिसकी निंदा की जानी चाहिए, अधिसूचना में कहा गया है-इसके मद्देनजर, सभी सैटेलाइट टीवी चैनल लाइसेंसधारियों को सतर्क रहने और किसी भी घृणा फैलाने वाले अपराधियों और उनके मददगारों को अनजाने में बढ़ावा नहीं देने का निर्देश दिया जाता है। नियामक ने कहा कि घृणित हिंसा के योजनाकारों और अपराधियों को टेलीविजन पर प्रचारित नहीं किया जाना चाहिए।

### दिल्ली हाईकोर्ट ने पीएमएलए मामले में शख्स को दी जमानत

***दिल्ली।*** *दिल्ली उच्च न्यायालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम, 2002 (पीएमएलए) के तहत आरोपी एक व्यक्ति को यह कहते हुए जमानत दे दी है कि अदालत इस बात से संतुष्ट है कि याचिकाकर्ता पीएमएलए की धारा 3 के तहत अपराध का दोषी नहीं है। न्यायमूर्ति अनूप जयराम भंभानी की एकल पीठ ने कहा, इस बात पर विचार करते हुए कि निचली अदालत के समक्ष अभियोजन शिकायत दायर की गई है कि याचिकाकर्ता ने जांच में भौतिक रूप से सहयोग किया है और जमानत पर रहने के दौरान याचिकाकर्ता के पीएमएलए के तहत अपराध करने की संभावना नहीं है। ऐसा आरोप था कि आरोपी व्यक्तियों ने मैसर्स लिगारे एविएशन लिमिटेड (लिगारे एविएशन) से 2014-15 में नकली/काल्पनिक चालानों के आधार पर 18.88 करोड़ रुपये की राशि की हेराफेरी की थी।*

### अलप्पुझा-कन्नूर एक्जीक्यूटिव एक्सप्रेस के डिब्बे में लगी आग, मचा हड़कंप

**दिल्ली।** केरल से बड़ी खबर सामने आई है. यहां कन्नूर रेलवे स्टेशन पर अलप्पुझा-कन्नूर एक्जीक्यूटिव एक्सप्रेस में भयानक आग लग गई है. आग में ट्रेन की एक बोगी जलकर पूरी तरह से राख हो गई है. यह घटना कल देर रात की बताई जा रही है. स्टेशन पर ट्रेन में आग लगने की खबर से हड़कंप मच गया. वहीं ट्रेन से धुआं और आग की लपटें उठती देख स्टेशन पर मौजूद लोगों में दहशत फैल गई. हालांकि रेलवे की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। किसी तरह की जनहानि की सूचना नहीं है। रेलवे ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। जांच जारी है। रेलवे की तरफ से बताया गया कि कल रात 11:07 बजे पलक्कड़ डिवीजन के कन्नूर रेलवे स्टेशन पर अलप्पुझा-कन्नूर एक्जीक्यूटिव एक्सप्रेस के एक कोच में आग लग गई। किसी शरारती तत्व की गतिविधि के कारण आग लगने की संभावना है। किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है.




**निर्मम हत्या** | दिल्ली में लड़की की हुई निर्मम हत्या मामले में रह-रह कर बड़े खुलासे हो रहे हैं

## कोर्ट ने साहिल की पुलिस हिरासत दो दिन के लिए बढ़ाई

**दिल्ली।** देश की राजधानी दिल्ली के शाहबाद डेयरी इलाके में 16 साल की लड़की की हुई निर्मम हत्या मामले में रह-रह कर बड़े खुलासे हो रहे हैं. साहिल को रिमांड पर लेकर पूछताछ में जुटी दिल्ली पुलिस लगभग घटना की तह में पहुंच गई है. पुलिस पूछताछ में साहिल ने बताया कि झबरू ने उसको लड़की से दूर रहने के लिए धमकी थी. इससे पहले की झबरू उसकी जान लेता, उसने लड़की को ही मौत के घाट उतार दिया. इस बात से साफ होता है कि आरोपी साहिल को झबरू से जान का डर था. इस बीच दिल्ली पुलिस ने साहिल को आज कोर्ट में पेश किया, कोर्ट ने आरोपी साहिल की पुलिस हिरासत दो दिन के लिए बढ़ा दी है.

पुलिस जांच में सामने आया है कि ब्रेकअप के बाद भी लड़की और साहिल के बीच लगातार बातचीत हो रही थी. यहां तक कि वारदात के दिन से एक दिन



पहले भी दोपहर 3:41 बजे दोनों के बीच वीडियो कॉल पर लंबी बातचीत हुई थी. पुलिस का मानना है कि दोनों की बातचीत से संकेत मिलता है कि साहिल न लड़की की हत्या करने का फैसला उसी दिन कर लिया था, जब 27 मई को झबरू ने साहिल को लड़की से दूर रहने के लिए धमकाया था. पुलिस के हाथ लगे एक ऑडियो मैसेज से पता चला है कि वारदात के दिन यानी 28 मई की सुबह भी साहिल और लड़की के बीच बातचीत हुई थी. लड़की की तरफ से साहिल को भेजे गए ऑडियो क्लिप में पीड़िता कहती हुई सुनाई दे रही है कि बड़ा बदमाश बन रहा था तू, अब कहां चली गई तेरी बदमाशी... ऑडियो क्लिप से अंदाजा लगाया जा सकता है कि साहिल लड़की को खौफ में लेकर उस पर दबाव बना रहा था. शायद लड़की ललकार सुनकर ही साहिल ने उसकी हत्या की योजना बनाई और रात होते-होते घटना को अंजाम दे डाला.



## सेवानिवृत्ति पर सीएमओ को दी गयी भावभीनी विदाई

संवाददाता प्रदीप जैन (पिंटू) रन्नौद



नगर परिषद रन्नौद मै में पिछ्ले डेढ़ साल से लगातार अपनी सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए नगर पालिका अधिकारी रामभरोसा शर्मा को 1 जून को परिषद प्रांगण मे समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। समारोह को संबोधित करते हुए पार्षद नरेंद्र सिंह सिकरवार ने कहा कि सीएमओ साहब का कार्यकाल बहुत अच्छा व सराहनीय रहा, हमारे लिए सौभाग्य की बात रही कि इनका हमेशा हर जगह पूरी तरीके से मार्गदर्शन व सहयोग मिलता रहा जिसका परिणाम है कि आज हम शासन के योजनाओं मे लक्ष्य को प्राप्त करने मे सफल हुए है, नगरपरिषद उपाध्यक्ष अमित वोहरे ने सीएमओ साहब का कार्यकाल एक मुखिया की तरह रहा कभी भी अधिकारी की भावना से कार्य ना करके बल्कि एक अभिभावक की तरह कार्य किये। गणमान्य नागरिकों ने फूल मालाए और सोल नरियल देकर सीएमओ रामभरोसा शर्मा का विदाई की इस मौके पर नगर परिषद अध्यक्ष राजकुमारी-जमुना कुशवाहा एंव समस्त पार्षद मौजूद रहे,

## जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा के द्वारा बुद्धि बूस्टर स्कूल में लगाया गया समर कैंप सम्पन्न

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे




शिवपुरी-जेसीआई शिवपुरी स्वर्णा के द्वारा बुद्धि बूस्टर स्कूल मे 14 तारीख से 1 तारीख तक लगाया गया समर कैंप यह कैंप मैडम प्रियंका सिंगल वर्षा खरे कल्पना रावत एवं टिया जैन के तत्वधान में लगाया गया जिसमें बच्चों को आर्ट एंड क्राफ्ट डांस ड्राइंग स्केचिंग अबाकस हैंडराइटिंग इंप्रूवमेंट आदि क्लासेस लगाई गई समर कैंप के समापन में बच्चों को गिफ्ट एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया जिसमें जेसीआई प्रेसिडेंट प्रियंका शिवहरे सचिव जैसी आरती जैन जैसी नीता श्रीवास्तव जेसी निशा गोयल एवं बुद्धि बूस्टर स्कूल की डायरेक्टर जैसी रोशनी गुप्ता भी उपस्थित रही एवं जेसीआई की सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## मुड्गेलमाल गांव में मवेशियों को फैल रही लंपी बीमार तत्काल ईलाज की है जरूरतः खुदेश्वर यादव

### मवेशियों को उच्च स्तरीय इलाज की है जरूरत

संवाददाता हेमचंद नागेश



यादव समाज के कांदाडोंगर परिक्षेत्र ब्लॉक अध्यक्ष खुदेश्वर यादव ने मीडिया को जानकारी देकर से कि गांव में गाय बैल को बीमारी तेजी से फैल रही है मवेशियों का हालत देखकर लगाता है कि मवेशियों का तत्काल इलाज की आवश्यकता है जिन मवेशियों में लक्षण है वो मवेशी भी खुले में घूम रही है। ऐसे में संक्रमण का खतरा है।ऐसे में संक्रमण का खतरा ब रहा है। खुदेश्वर यादव ने पशु चिकित्सा विभाग से मांग किया है कि उनके सभी मवेशी का टीका लगाया जाए। शहर में घूम रहे मवेशी को एक जगह रखकर उपचार करें । ताकि संक्रमण का खतरा कम हो सके।

### पुलिस थाना पिछोर ने अपने बड़े भाई को

# सिर में कुल्हाड़ी मारकर गंभीर रूप से घायल करने वाले उसके छोटे भाई व दो भतीजे को गिरफ्तार कर भेजा जेल

राकेश परिहार पिछोर

**पिछोर।** जमीन के बंटवारे व बेचने को लेकर हुआ था दोनों भाइयों के परिवार मैं झगड़ा। दोनों पक्ष ने एक दूसरे की थी मारपीट ।पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश कुमार सिंह भदौरिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण कुमार भूरिया, एसडीओपी पिछोर प्रशांत शर्मा के निर्देशन में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में पुलिस थाना पिछोर टीआई गब्बर सिंह गुर्जर के नेतृत्व में मारपीट कर गंभीर रूप से घायल करने के प्रकरण में 3 आरोपी गिरफ्तार किए । दिनांक 30/4/ 23 को फरियादी इमरत आदिवासी ने थाना पिछोर में रिपोर्ट की थी कि जमीन के बंटवारे व बेचने को लेकर मेरे छोटे भाई जस्सू आदिवासी व उसके पुत्रों ने अश्लील गालियां दी व सिर में कुल्हाड़ी मारकर चोंट पहुंचाई। जब उसका लड़का आनंद व बहू रानी बचाने आई तो उनकी भी मारपीट कर चोटें पहुंचाई । फरियादी इमरत आदिवासी करीब 18 दिन झांसी अस्पताल में भर्ती रहा ।उसके सिर की हड्डी भी टूट गई थी। पुलिस थाना पिछोर ने आरोपी जस्सू आदिवासी (फरियादी इमरत आदिवासी का छोटा भाई ) ,मंगल आदिवासी व भोला आदिवासी को धारा 323, 324, 294, 506, 34 आईपीसी इजाफा धारा 326 आईपीसी में गिरफ्तार किया व दो कुल्हाड़ी जब्त की । दिनांक 30/4/ 23 को ही इमरत आदिवासी व उसके पुत्र आनंद व निवास उर्फ रामनिवास आदिवासी ने भी जस्सू आदिवासी व उसके लड़के मंगल व भोला की मारपीट की थी जस्सू आदिवासी की रिपोर्ट पर थाना पिछोर में अपराध धारा 323, 294, 506, 34 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध किया । पुलिस थाना पिछोर की टीम ने आरोपी जस्सू आदिवासी उसके लड़के मंगल व भोला को मान्यनीय न्यायालय पिछोर में पेश किया । न्यायालय ने उन्हें उप जेल पिछोर भेजा । पुलिस टीम में एसआई विनोद भार्गव, एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान, अरविंद यादव, प्रधान आरक्षक संतोष यादव, हीरा सिंह पाल, हिमांशु चतुर्वेदी, घनश्याम सिंह परमार बचान सिंह तोमर, कमल सिंह माझीं, मांगीलाल गुर्जर, प्रदीप कौरव व माधव शंकर शर्मा शामिल रहे।

## सेनेटरी पैड- पैकिंग के नाम पर पैसा जमा कराने वाली कंपनी के विरुद्ध न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन

### हितबद्ध अन्य कोई भी व्यक्ति 2 जून तक आपत्ति एवं कंपनी से संबंधित अन्य कोई दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी- सेनेटरी पैड- पैकिंग के नाम पर पैसा जमा कराने वाली कंपनी के विरुद्ध न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवपुरी में प्रकरण विचाराधीन है। हितबद्ध अन्य कोई भी व्यक्ति न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर आपत्ति एवं कंपनी से संबंधित अन्य कोई दस्तावेज 2 जून तक प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। अनुविभागीय अधिकारी शिवपुरी द्वारा इश्तहार जारी कर बताया गया है कि शिकायतकर्तागण राजकुमारी पत्नी रामबाबू कुशवाह एवं कमलेश कुशवाह पत्नी अजय कुशवाह निवासीगण ग्वालियर बायपास बचपन स्कूल के पास वाली गली शिवपुरी के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया है कि आर्टिस्ट सी-ए.व्ही. एस.09 के ऑनर चंद्रशेखर वर्मा व अन्य महिला अखिलेश कुमारी राजपूत के द्वारा शिकायतकर्तागण से तीस-तीस हजार रूपये बातो में उलझाकर तथाकथित रूप से लेकर सेनेटरी पैड- पैकिंग के नाम से जमा कराये गये और बताया गया कि आपको काम ठीक नहीं लगता तो राशि वापस कर दी जायेगी। लेकिन कंपनी द्वारा शिकायतकर्तागण को उनकी जमा राशि वापिस नहीं की जा रहीं है। शिकायत का जांच प्रकरण न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) शिवपुरी में विचाराधीन है। हितबद्ध अन्य कोई भी व्यक्ति 2 जून तक प्रातः 11 बजे से 12 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर अपना जवाब/आपत्ति एवं कंपनी से संबंधित अन्य कोई दस्तावेज इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद म्याद गुजरने पर प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

## शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस का आयोजन

राकेश परिहार पिछोर

**पिछोर।** शासकीय छत्रसाल महाविद्यालय पिछोर मैं दिनांक 31 मई 2023 को विश्व तंबाकू निषेध दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एसएस गौतम के निर्देशन में हुआ कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत रूप से की गई जिसमें मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ एसएस गौतम ने अपना उद्बोधन दिया जिसमे उन्होंने नशा संबंधित वस्तु जैसे तंबाकू सिगरेट इत्यादि वस्तु पर विस्तृत चर्चा करते हुए छात्र छात्राओं को जागरूक किया तथा इससे बचाव के उपाय बताए। साथ ही तंबाकू का प्रयोग न करने की शपथ भी दिलाई । कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर नरसिंह भिड़े रहे।कार्यक्रम में डॉ केशव सिंह जाटव डॉक्टर केके यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए जिससे समस्त छात्र-छात्राएं लाभान्वित हुए निबंध प्रतियोगिता,भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता भी आयोजित की गईकार्यक्रम में इस अवसर पर महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता 4 जून को

### पर्यटक स्वागत केंद्र पर आयोजित होंगी प्रतियोगिता

अनिल कुशवाह
पुष्पांजलि टुडे

**शिवपुरी।** जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद शिवपुरी के तत्वावधान में आगामी 4 जून रविवार को शाम 4.30 बजे से पर्यटक स्वागत केंद्र छत्री रोड पर रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद की नोडल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर शिवांगी अग्रवाल व सहायक नोडल अधिकारी सौरभ गौड़ ने बताया कि 4 जून रविवार को शाम 4.30 बजे से 6.30 बजे तक पर्यटक स्वागत केंद्र छत्री रोड पर निर्धारित समयानुसार जूनियर व सीनियर वर्गों में रंगोली, चित्रकला प्रतियोगिता के साथ ही नशामुक्ति से सम्बंधित नाटक व प्रहसन आयोजित किए जाएगे।

रंगोली व चित्रकला प्रतियोगिता नशामुक्ति, स्वच्छता व पर्यावरण थीम पर आयोजित की जाएगी। जिसमें जूनियर वर्ग कक्षा 9 से 12 तक या 18 वर्ष आयु तक तथा सीनियर वर्ग कक्षा 12 या 18 वर्ष की आयु से अधिक उम्र के बच्चों के लिए रहेगी। सभी वर्गों की थीम समान ही रहेगी। रंगोली प्रतियोगिता व चित्रकला प्रतियोगिता के लिए रंग प्रतिभागियों को स्वयं लाना प?गा तथा ड्रॉइंग सीट डीएटीसीसी द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी। प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए प्रतिभागी अपना नाम जिला पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद कार्यालय कलेक्ट्रेट पर देव सोनी 9302688408, पर्यटक स्वागत केंद्र छत्री रोड, सहायक नोडल अधिकारी सौरभ गौड़, होटल सुख सागर छत्री रोड, बेलकम सेंटर एक्टिविटी ग्रुप तथा मुकेश आचार्य के 8319258033 मोबाइल नम्बर पर नाम लिखाकर प्रतियोगिता से सम्बंधित अन्य जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## नया संसद भवन का उद्घाटन हर भारतीय के लिए गौरव की बात है

विभा अश्वनी अवस्थी



रायपुर। किरीट तिवारी- छत्तीसगढ़ प्रदेश महिला मोर्चा के महामंत्री एवं भारत सरकार मंत्रालय रेलवे बोर्ड सदस्य विभा अश्वनी अवस्थी ने प्रेस वार्तालाप पर लोकहित 24 एक्सप्रेस लाइव को बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज संसद भवन का उद्घाटन किया यह हर भारतीय के लिए गौरव की बात है सर्व धर्म प्रार्थना के साथ हवन पूजन से देश के इस लोकतांत्रिक मंदिर का उद्घाटन किया गया यह हम सभी देशवासियों के लिए ऐतिहासिक क्षण है वर्षो पहले जो सपना देखा था आज पूरा हुआ इस भवन का निर्माण आधुनिक के साथ साथ ही पारंपरिक सोच को भी दर्शाता है श्रीमती अवस्थी जी ने प्रेस वार्तालाप में आगे यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में सबका साथ सबका विकास के संकल्प के साथ सभी वर्गो को विकास की मुख्यधारा से जो रही है। पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत सशक्त और मजबूत देश के रूप में आज विश्व के सामने है भारत समृद्धि की ओर ब रहा है देश के विकास को गति मिली है विकास के नये आयाम स्थापित हुए हैं पिछले 09 वर्षो में भाजपा सरकार ने देश को भयमुक्त शासन दिया है आज विश्व स्तर पर भारत की एक नई पहचान बनी है।

## पुलिस विभाग में सेवा प्रदान करने के बाद सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा दी विदाई

राकेश परिहार पिछोर



शिवपुरी। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह ने पुलिस कण्ट्रोल रूम में उनि बृखभान सिंह सेंगर, सउनि रामप्रकाश, सउनि गिरधारी सिंह ,सउनि ओम प्रकाश, सउनि अवधेश सिंह, प्र आर कालूराम को सेवानिवृत्त पर विदाई दी गई। सभी सेवानिवृत्त होने वाले अधिकारी एवं कर्मचारियों ने नौकरी के दौरान उनके अनुभवों को साझा किया। तथा पुलिस अधीक्षक शिवपुरी द्वारा उनको अग्रिम भविष्य की सुभकामनाऐं देकर उनको सेवानिवृत्त प्रमाण पत्र, श्रीफल, अंग वस्त्र और एक-एक ट्राली बेग भैंट में दिये। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह, एसडीओपी श्री अजय भार्गव रक्षित निरीक्षक श्री अनिल कवरेती, शहर के सभी थाना प्रभारी ,प्रभारी कण्ट्रोल रूम उनि (रे) बिजेन्द्र सिंह राजपूत एवं सूबेदार भानु प्रताप उपस्थित रहे।

# सरकार की महिमा अपरम्पारः रघु भैया

दैनिक पुष्पांजली टुडे

मप्र. पण्डोखर सरकार व हाथीवान महाराज प्रेतराज सरकार के दर्शन करने के दौरान त्रिकालदर्शी संत श्री गुरुदेव शरण महाराज के साथ उपस्थित संत समागम के वक्त कुँ प्रबल प्रताप सिंह( रघु भईया )ने उपरोक्त कथन कहते हुए कहा कि पण्डोखर सरकार के श्री चरणों में जो भी भक्त जन सह्रदय अपनी विनती अर्पित करता है, तो उसकी सुनवाई उसी सह्रदय के साथ सरकार पूर्ण करते हैं। उन्होंने आगे चर्चा के दौरान समाज सेवा पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव जीवन का लक्ष्य निःस्वार्थ भावना से समाज सेवा होना चाहिए,उन्होंने आगे कहा कि समाज सेवा में हमारे परम स्नेही भाई श्यामू ठाकुर ने काफी कम समय में लोगों के ह्रदय में अदुतीय स्थान प्राप्त किया है, संतसमागम के दौरान....आदि जन उपस्थित रहे बिंदु शर्मा राजू खरे सुनील राठौड हेमंत तोमर सनी दंडोतिया ऋषभ परमार राज बोड देबू राजावत अरविंद गौर सरपंच नितिन राजावत आदि जन उपस्थित रहे।




# अवैध हथियारों के सरगना पर शिवपुरी पुलिस की ताबड़तोड़ कार्यवाही

### पुलिस थाना खनियाधाना द्वारा अवैध हथियारों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये दस-दस हजार रुपये के इनामी आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले मे अभी तक कुल 43 हथियार व 22 जिन्दा राउण्ड वरामद किये हैं

राकेश परिहार पिछोर

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिंह के निर्देशन मे शिवपुरी पुलिस द्वारा आपरेशन प्रहार के तहत अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्यवाही की जा रही है । अभियान प्रहार अपराधियों विरूध्द चलाया जा रहा है जिसमे सघन चैकिग एवं अवैध फायर आर्म्स एम्यूनेशन एवं फरारी, स्थाई, गिरफ्तारी वारंटी एवं सक्रिय बदमाशों की धरपकड़ की कार्यवाही की जा रही है । पुलिस थाना खनियाधना ने अभियान अभियान के तहत दिनांक 26.05.2023 को रेड्डी चौराहा खनियाधाना से चैकिंग के दौरान गाड़ी क्रमांक यूपी 32 टीएन 0672 से 20 पिस्टल व 20 जिन्दा राउण्ड बरामद किये गये थे, जिस पर से थाना खनियाधाना पर अपराध क्रमांक 295/2023 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का कायम कर विवेचना मे लिया गया था । पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री रघुवंश सिह ने उक्त प्रकरण के अन्य आरोपियों की पतारसी एवं गिरफ्तारी हेतु बदमाशों एवं अवैध हथियारों की सप्लाई करने बालों पर दसङ्कदस हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था । थाना प्रभारी खनियाधान निरी धनेन्द्र सिह भदौरिया को वरिष्ठ कार्यालय से मिले निर्देशों के पालन मे अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री प्रवीण कुमार भूरिया एवं एस.डी.ओ.पी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के मार्गदर्शन मे अपराध क्रमांक 295/2023 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट मे पहले से गिरफ्तार आरोपी गब्बर रजक को पुलिस रिमाण्ड पर



लिया गया था जिससे पुलिस द्वारा शख्ती से पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया कि वह हथियारों की पहली खेप मे पिस्टल व कट्टे भागीरथ शर्मा पुत्र राजेश शर्मा उम्र 29 साल व राबिया ( बदला हुआ नाम) उर्फ फिरोजा उर्फ नूर मोहम्मद मुसलमान पत्नि भागीरथ शर्मा उम्र 30 साल के प्लांट क्रमांक बी 65 सेकन्ड फ्लोर अखिल नगर गोल्ड सुख के पीछे मालवीय नगर जयपुर राजस्थान से लाया था, पैमेन्ट नहीं होने से डिलीवरी नहीं की गई थी वह आरोपी गब्बर रजक ने अपने घर करैरा मे रखी हुई थीं, उक्त सूचना पर से थाना प्रभारी खनियाधाना धनेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा पुलिस टीम के साथ गिरफ्तार सुदा आरोपी के घर करैरा पर दविस देकर 15 पिस्टल एवं 08 देशी कट्टे कुल 23 अवैध हथियार जप्त किये गये हैं । आरोपी गब्बर रजक से अभी तक कुल 43 अवैध हथियार 22 जिन्दा राउण्ड बरामद किये गये हैं । जिनकी कीमत करीवन 18,00,000 रुपये है जो कि अभी तक की सबसे बडी कार्यवाही की गयी है । थाना प्रभारी निरी. धनेन्द्र सिह भदौरिया थाना खनियाधाना द्वारा श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय श्री रघुवंश सिह भदौरिया (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन मे की गई । उक्त कार्यवाही मे निरी. धनेन्द्र सिह भदौरिया , उनि रणवीर सिह चौहान मय सउनि अजय पटेल, सउनि प्रकाश कौरव, आर मजीत मलिक, आर राधेश्याम जादौन, आर. हेमसिह गुर्जर, आर. 363 जयवीर गुर्जर का सहयोग रहा एवं देवेन्द्र सैन साइबर सैल शिवपुरी का विशेष योगदान रहा ।

## एसपी द्वारा जिले के

# समस्त राज्यपत्रित अधिकारियों की बैठक लेकर दिये दिशा निर्देश

### पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री ने थानों का किया औचक निरीक्षण

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस महानिदेशक म.प्र. द्वारा दिये गये निर्देशानुसार पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन सुशान्त कुमार सक्सैना के निर्देशन मे दिनांक 31/05/2023 को रात्रि 10 बजे पुलिस अधीक्षक भिण्ड मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे जिला भिण्ड द्वारा समस्त राजपत्रित अधिकारियों की बैठक बुलायी गयी। उक्त बैठक में डीजीपी म.प्र.के द्वारा दिये गये निर्देश कमशः थाना में समुचित रख रखाव, फर्नीचर सफाई, रिकॉर्ड अपडेट रखने, पुलिस कर्मियों में कानूनी ज्ञान, जप्त वाहनों / माल का निराकरण, समुचित प्रशासनिक नियंत्रण आदि पर विस्तृत निर्देश एवं टारगेट निर्धारित किये गये। उक्त बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश खरपुसे, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री निशा रेड्डी, उपपुलिस अधीक्षक मुख्यालय अरविन्द्र शाह, डीएसपी महिला अपराध शाखा / अनुविभागीय अधिकारी अटेर श्रीमती पूनम थापा, अनुविभागीय अधिकारी लहार अवनीश बंसल, अनुविभागीय अधिकारी गौहद सौरभ कुमार एवं अनुविभागीय अधिकारी मेहगांव आर.के.एस. राठौर उपस्थित रहें।



इसके उपरान्त पुलिस अधीक्षक भिण्ड द्वारा थाना सिटी कोतवाली का औचक निरीक्षण किया गया जिसमें पुलिस अधीक्षक भिण्ड द्वारा थाना प्रभारी सिटी कोतवाली निरीक्षक शिव सिंह यादव को निर्देश दिये गये कि थाने पर टूटा हुआ फर्नीचर नही होना चाहिए, सभी अपराध रजिस्टर एवं फाईल को रैक बनबाकर रखें, पुराने रिकॉर्ड को नये कपडे में बधवाकर रखना है, एक टीम मालखाने को व्यवस्थित करने के लिये बनाना है तथा प्रत्येक रुम में डस्टविन रखना है, जप्तशुदा वाहनों, मोटर सायकिल एवं कम्प्यूटर रूम को व्यवस्थित करना, व्हीसीएनवी एवं जरायम रजिस्टर भरना है तथा थाने में कोई भी अधिकारी / कर्मचारी गुटखा नही थूकेगा और ना ही फैकेगा। साथ ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भिण्ड द्वारा थाना बरोही, अनुविभागीय अधिकारी मेहगावं द्वारा थाना गोरमी एवं थाना मेहगांव, अनुविभागीय अधिकारी लहार द्वारा थाना रौन एवं मिहोना, अनुविभागीय अधिकारी अटेर द्वारा थाना फूप एवं थाना पावई तथा उपपुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) द्वारा थाना ऊमरी एवं थाना नयागांव का आकस्मिक निरीक्षण किया गया एवं सुधार हेतु दिशानिर्देश व योजना बनाई गई ।

# कांग्रेस पार्टी भिण्ड विधानसभा में 3 जून से निकालेगी परिवर्तन यात्रा

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कांग्रेस पार्टी भिण्ड विधानसभा क्षेत्र में परिवर्तन यात्रा निकलेगी जो तीन जून से शुरू होकर एक माह से अधिक समय चलकर प्रत्येक बूथ तक पहुंचेगी। भिण्ड सर्किट हाउस आयोजित प्रेसवार्ता में ये जानकारी कांग्रेस के भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ( एनएसयूआई ) के राष्ट्रीय संयोजक सचिन द्विवेदी ने दी ।

### भिंड कलेक्टर का व्यवहार निंदनीय डॉ. अनिल भारद्वाज

प्रेसवार्ता में प्रमुख रूप से कांग्रेस प्रवक्ता डा.अनिल भारद्वाज,संगठन मंत्री इरशाद अहमद,शहर अध्यक्ष प्रदीप जैन गुड्डा,और बाल कांग्रेस अध्यक्ष सुशांत सिंह राजावत बबेडी उपस्थित रहे।

राहुल गांधी की कश्मीर से कन्याकुमारी तक निकाली गई भारत जोड़ो यात्रा के सदस्य रहे छात्र नेता सचिन द्विवेदी ने प्रेसवार्ता के दौरान कहा परिवर्तन यात्रा भाजपा को भिण्ड विधानसभा में उखड़ने का काम करेगी । हम भिण्ड क्षेत्र के पूरे 296 बूथों पर पहुंचकर यात्रा के माध्यम से अपने बचनपत्र की प्रमुख पांच बातें नारी सम्मान योजना में प्रत्येक महिला को 1500 रुपए प्रति माह, 100 यूनिट बिजली फ्री,घरेलू गैस सिलेंडर 500 रुपए, और कर्मचारियों को पुरानी पेंसिल बहाली, एवं किसानों की कर्जा माफी योजना देने संबंधी जानकारी उपल्ब्ध कराएंगे। कांग्रेस पार्टी की परिवर्तन यात्रा को संबोधित करते



हुए उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि यह परिवर्तन यात्रा बदलाव को लेकर निकाली जा रही है जिसमें प्रदेश में बेरोजगारी, महंगाई एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों व आम जनता को यह संदेश पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के 15 महीने के कार्यकाल में लोगों को कई योजनाओं का लाभ दिलाया गया। उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा 3 जून से शुरू होगी जो एक माह से अधिक समय में पूरे 296,बूथ तक जायेगी। पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता डॉ.अनिल भारद्वाज ने कहा भिण्ड में माफिया तंत्र हावी है पुलिस का अवैध खनन करने वाले माफियाओं से गठजोड़ है इसे तोड़ने के लिए वर्षो से थानों में जमे पुलिस कर्मियों को हटाना होगा। माफिया इस तरह हावी है एक रेत ट्रेक्टर से कुचकर एक महिला की मृत्यु हो जाती है और रिपोर्ट के लिए परिजनों को जाम लगना पड़ता है। कांग्रेस प्रवक्ता अनिल भारद्वाज ने भिण्ड कलेक्टर पर निशाना साधते हुए कहा एक शिकायती आवेदन लेकर गए जूनियर अधिवक्ता के साथ अभद्रता कर उसे बंधक बनाया जाता है,उसका मोबाइल और आधार कार्ड छीना जाता है, ये निंदनीय है। मुझे लगता है भिण्ड कलेक्टर अपना मानसिक संतुलन खो चुके हैं, सरकार उन्हे लंबी छुट्टी देकर इलाज कराए उन्हे आराम की आवश्कता है। उन्होंने कलेक्टर के खिलाफ क्रिमनल एक्टिविटी के तहत प्रकरण दर्ज करने की भी मांग की है।

# पुलिस द्वारा जिले में शराब, सट्टा एवं जुआ पर की गई कार्यवाही

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । पुलिस महानिदेशक द्वारा दिये गये निर्देशानुसार पुलिस महानिरीक्षक चम्बल जोन सुशान्त कुमार सक्सेना के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपुसे के नेतृत्व में जिला भिण्ड के थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के कम / विक्रय एवं जिले में जुआ एवं सदा की रोकथाम हेतु शीघ्र प्रभावी कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये थे। इसी तारतम्य में जिला भिण्ड के समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) के निर्देशानुसार समस्त थाना प्रभारियों द्वारा पिछले 24 घण्टे मे अभियान चलाया गया, जिसमें समस्त जिले के थाना प्रभारियों द्वारा अलग- अलग थानों में अवैध शराब के कुल 26 प्रकरण में 26 आरोपियों से 80 लीटर अवैध शराब कीमती - 41,000 रुपये की जप्त की गयी एवं जुआ एक्ट में 6 प्रकरण तथा सट्टा एक्ट में 5 प्रकरण दर्ज कर आरोपियों पर कार्यवाही की नगी साथ ही अवैध गतिविधियों की तलाश अपराध में फरार आरोपियों की तलाश, स्थायी वारण्टी को तलाश सम्पत्तिसम्बन्धी आरोपियों की तलाश में ताबड़तोड़ कार्यवाही की उक्त कार्यवाही में समस्त अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) एवं समस्त थाना प्रभारियों द्वारा अपने बल के साथ सराहनीय कार्यवाही की गयी।

# सांसद संध्या राय ने भाजपा महा जनसंपर्क अभियान के लिए पार्टी कार्यालय पर कॉल सेंटर का किया शुभारंभ

**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

**भिण्ड ।** केंद्र में भाजपा सरकार का नेतृत्व कर रहे है यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली 9 वर्ष पूर्ण कर रही योजनाओं को कार्यकर्ता उत्साह और उमंग के साथ विकास जन कल्याण योजनाओं को हर घर तक जनसंपर्क के माध्यम से पहुंचा कर पात्र हितग्राहियों को योजना का लाभ दिलाएं। जिसकी शुरुआत 30 मई से प्रारंभ हो गई है और 30 जून तक हम सभी कार्यकर्ताओं को 1 महीने तक इस अभियान में एक संकल्प एकजुट एक मुख के साथ लगना है। यह बात प्रदेश उपाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय सांसद संध्या राय ने पार्टी जिला कार्यालय पर आयोजित महा जनसंपर्क अभियान को लेकर कॉल सेंटर के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि आसीन से बोलते हुए व्यक्त किए। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार गरीब, शोषित वंचितों हेतु पूर्ण रूप से समर्पित है जहां देश का गौरव विश्व पटल पर लगातार बढ़ रहा है वही सांस्कृतिक विरासत को एक प्राथमिकता के आधार पर के प्रति स्थापित होते हुए हम सब देख रहे हैं इस अभियान को जिले के सभी 26 मंडलों के पांचों विधानसभाओं के जिला मंडल शक्ति केंद्र एवं 1480 मतदान केंद्रों पर कार्यकर्ता योजनाओं को लेकर पहुंचे और घर-घर जनसंपर्क के माध्यम से जनता को जिनका लाभ दिलाएं और कार्यक्रम सर्वव्यापी बने 1 माह तक हमें इसी अभियान में लगना है। लोकसभा संयोजक पूर्व जिला अध्यक्ष रविसेन जैन ने कहा कि अभियान के अंतर्गत पूरे देश में व्यापक जनसंपर्क संपर्क समाज के विभिन्न वर्गों से संपर्क वरिष्ठ कार्यकर्ताओं संपर्क जैसे लोकसभा विधानसभा बूथ स्तरीय कार्यक्रम आयोजित होंगे। उन्होंने कहा कि मोदी लोकसभा क्षेत्र में आयोजित की जाएगी। प्रबुद्ध सम्मेलन,सोशल मीडिया सम्मेलन संवाद, व्यापारी सम्मेलन, को विकास तीर्थ सम्मेलन, वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ भोजन एवं परिचर्चा विधानसभा



सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को जनता तक सब कार्यकर्ता मिलकर पहुंचाएं यही महा संपर्क अभियान का उद्देश्य है। महाजनसंपर्क अभियान के तहत एक माह में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे जिसमें 1 जून से 22 जून के मध्य प्रेस वार्ता स्तरीय,संयुक्त मोर्चा सम्मेलन, लाभार्थी सम्मेलन,योग दिवस, श्री मोदी के साथ बूथ स्तरीय, घर-घर संपर्क, एक प्रभावी रूप से इस अभियान को जनता के बीच कार्यकर्ता ले जाकर कार्यक्रम को सफल बनाएंगे जिन कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी मिले हुए अपने पूरे टीम के साथ हर मतदाता के घर घर पहुंचे और उनसे जनसंपर्क कर सरकार और संगठन की विचारधारा शासन की योजनाओं को भी से अवगत कराएं। मां जनसंपर्क अभियान को लेकर कॉल सेंटर पर पार्टी जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया ने संपर्क फोन नंबर जारी किया है। 07534359027 कार्यकर्ता इस नंबर पर महा जनसंपर्क अभियान एवं संघ सभी संगठनात्मक कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। सेंटर पर एक ऑपरेटर 24 घंटे फोन पर उपलब्ध रहेगा। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय संयोजक अशोक सिंह कुशवाह एवं आभार व्यक्त जिला महामंत्री धर्म सिंह भार्गव द्वारा किया गया। महा जनसंपर्क अभियान के कॉल सेंटर के उद्घाटन पर पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक शिव शंकर समाधिया पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व जिला अध्यक्ष केशव सिंह भदौरिया,पूर्व विधायक मुन्ना सिंह भदौरिया,प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य डॉ रमेश दुबे, प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य संजीव कांकर, पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा राजे, जिला उपाध्यक्ष अनिल कटारे, विधानसभा संयोजक अमृतपाल सिंह बघेल एडवोकेट, जिला मंत्री रश्मि खटीक, जिला मंत्री उपेंद्र राजौरिया जिला मंत्री डॉ तरुण शर्मा,महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष आभा जैन,भाजयुमो के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रिंस दुबे, जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा राठोर, जिला मंत्री राधाकृष्ण शर्मा,किसान मोर्चा के जिला महामंत्री धर्मेंद्र सिंह राजावत,जिला उपाध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी कार्यकर्ता शामिल थे।

# वोपारी ग्राम में आईमाता मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा

### कलश यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सेंणचा**



**पाली।** ग्राम वोपारी में नवनिर्मित श्री आई माता मंदिर (वडेर) की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर गांव में सजावट की गई है। नौ दिवसीय धार्मिक आयोजन के दौरान बुधवार से भागवत कथा का प्रारंभ हुआ, जिसको लेकर सवेरे गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए गाजे-बाजे के साथ कलशयात्रा निकली, जो नवनिर्मित श्री आई माता मंदिर पर संपन्न हुई। कलशयात्रा में समाज की महिलाएं लाल चुनरी ओढ़े सिर पर कलश लिए मंगल गीत गाते हुए चल रही थी। कलशयात्रा के संपन्न होने के पश्चात संत कृपाराम व राजाराम महाराज द्वारा भागवत कथा का वाचन किया गया। वहीं रात्रि में प्रतिदिन जागरण का भी आयोजन हो रहा है, जिसमें भजन गायकों द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही है। जागरण कार्यक्रम के दौरान समाजबंधुओं द्वारा बोलियां भी लगाई जा रही है। प्राण-प्रतिष्ठा में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या में समाज के प्रवासी बंधु आए हुए हैं। कार्यक्रम के आठवें दिन 6 जून को सायं 4ः15 बजे माताजी की बैल व सीरवी समाज के धर्मगुरु दीवान माधवसिंह का बधावणा व कलशयात्रा निकाली जाएगी। धार्मिक आयोजन के अंतिम दिन 7 जून को सवेरे 5ः15 बजे शुभ मुहूर्त में प्राण-प्रतिष्ठा, मूर्ति स्थापना, पाट स्थापना, कलश स्थापना, ध्वजा एवं अखंड ज्योत की स्थापना का कार्यक्रम होगा। इसके बाद में 10ः15 बजे से महाप्रसादी का आयोजन होगा तथा धर्मगुरु दीवान माधवसिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य बनाने को लेकर कोटवाल वेनाराम चोयल ,जमादारी पूनाराम चोयल ,अध्यक्ष चेनाराम सचिव नारायणलाल पंवार, कोषाध्यक्ष थानाराम चोयल एंव मोहनलाल चोयल, हरिराम चोयल, प्रतापमल पंवार, सूजाराम चोयल, उम्मेदराम चोयल, मगाराम पंवार, थानाराम चोयल, वालाराम पंवार, पन्नालाल चोयल समाजबंधु लगे हैं।

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

**पंकज त्रिपाठी**
**दैनिक पुष्पांजली टुडे**

भिण्ड । कलेक्टर डॉ. सतीष कुमार एस के आदेशानुसार एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत भिण्ड के मार्गदर्षन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत आज जिला पंचायत सभागार जिला भिण्ड में श्रीमती वर्षा बाल्मीकि अध्यक्ष नगरपालिका भिण्ड के मुख्य अतिथ्य एवं सुनील बाल्मीकि विधायक प्रतिनिधि भिण्ड एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी अब्दुल गफ्फार के द्वारा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना के तहत स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम किया गया। जिसमें जिला पंचायत सभागार में भिण्ड ग्रामीण एवं भिण्ड शहरी क्षेत्र की लाड़ली बहनो को स्वीकृति पत्र वितरण कार्यक्रम किया गया। विधायक प्रतिनिधि सुनील बाल्मीकि के द्वारा बताया गया कि यह मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना का यह स्वीकृति पत्र सौंपते हुए मेरा मन अति प्रसन्न है।



इस योजना के माध्यम से अब हर महीने बहनों के खातें में 1000 रूपये डाले जायेगे। यह योजना मुख्यमंत्रीजी ने महिलाओं के सषक्तिरण के लिए ही बनाई है। बहने सषक्त होगी तो परिवार, समाज, प्रदेष और देष भी सषक्त होगा।

नगरपालिका अध्यक्ष भिंड श्रीमती वर्षा बाल्मीकि ने कहा मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना प्रारम्भ करने का उद्देष्य बहनों को स्वालम्बी एवं आर्थिक रूप से स्वतंत्र बनाना है। इसके लिए स्वरोजगार/ आजीविका के संसाधनों को विकसित किया जा रहा है। अब हमारी बहनों को किसी के आगे हाथ फैलाने की आवश्यकता नहीं है। हमारी बहनों पर आश्रित बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत् सुधार बनाये रखने और परिवार स्तर पर निर्णय लिये जाने में प्रोत्साहित करेगी। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से परियोजना अधिकारी भिण्ड ग्रामीण परशुराम शर्मा, परियोजना अधिकारी भिण्ड शहरी श्रीमती बीना मिश्रा, आनंद मिश्रा लेखापाल, जितेन्द्र शर्मा सहित पर्यवेक्षक, आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं लाड़ली बहना योजना की पात्र हितगाही उपस्थिति रहें।

# छेड़छाड़ मामले में भाजपा उपाध्यक्ष ने कांग्रेस नेताओं से कि माफी की मांग



**पुष्पांजली टुडे**

दमोह। भारतीय जनता जनता पार्टी जिला उपाध्यक्ष अमित बजाज ने कांग्रेस नेता नौशाद खान द्वारा युवती से छेड़छाड़ के मामले की निंदा करते हुए कांग्रेश पार्टी को इस प्रकार के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को तुरंत पार्टी से निकालकर माफी मांगनी चाहिए। भाजपा नेता अमित बजाज ने कहा कांग्रेस पार्टी एक तरफ नारी सम्मान की बात करती है,वहीं दूसरी ओर उनके कार्यकर्ता पदाधिकारी महिलाओं से छेड़छाड़ कर रहे हैं !किंतु कांग्रेस पार्टी द्वारा अभी तक किसी भी प्रकार की प्रतिक्रिया नहीं दी गई है उन्होंने कांग्रेसी शीर्ष नेतृत्व पर आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा अल्पसंख्यक तुष्टीकरण की नीति के चलते इस प्रकार के असामाजिक लोगों को पदाधिकारी बनाकर समाज में भय का माहौल पैदा किया जा रहा है।भाजपा नेता अमित बजाज ने कहाँ कांग्रेस शीर्ष नेतृत्व को माफी मांगनी चाहिए।



# नगर पालिका में अवैध रूप से डीजल बेचा जा रहा

### कांग्रेस अध्यक्ष मानसिंह कुशवाह ने कलेक्टर को साक्ष्य सहित सौंपा पत्र

***दैनिक पुष्पांजली टुडे***

*भिण्ड । जिला कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने भिंड नगर पालिका द्वारा अवैध रूप से डीजल बेचने का नगर पालिका प्रशासन पर आरोप लगाया। श्री कुशवाह ने कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस को मिलकर साक्ष्य सहित एक शिकायती पत्र सौपा । कांग्रेस अध्यक्ष मान सिंह कुशवाह ने कलेक्टर से मांग की है, कि जिले की भिण्ड नगर पालिका सीएमओ के संरक्षण में अवैध रूप से डीजल बेचे जाने पर कार्रवाई की जाए । श्री कुशवाह ने इस संबंध में 31/05/23 को कलेक्टर को सौपे पत्र में बताया कि भिण्ड नगरपालिका सीएमओ वीरेन्द्र तिवारी के संरक्षण में नगरपालिका के वाहनों में से डीजल विक्रय कर शासन को लाखों रुपये का चूना लगाने का काम किया जा रहा है, जिसके साक्ष्य व प्रमाण शिकायती पत्र के साथ संलग्न हैं। भ्रष्टाचार के मामले में भिंड नगर पालिका नरक पालिका बनती जा रही है । कांग्रेस नेता श्री कुशवाह ने कलेक्टर से मांग करते हुए कहा है कि भिण्ड नगरपालिका को भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ने से बचाने का कष्ट करें ।*

# जी 20 की मेजबानी से उपजी चुनौतियां

भारत में इस बात को लेकर संशय और सवाल उठने लाजिमी थे कि यदि भारत सरकार जम्मू-कश्मीर में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन करवाती है तो इस पर दुनिया की महत्वपूर्ण ताकतों की प्रतिक्रिया कैसी रहेगी। जाहिर था पाकिस्तान किसी भी देश की शिरकत पर तीखा एतराज उठाएगा और कुछ भी करके इस आयोजन में खलल डालना चाहेगा। भारत ने सावधानीपूर्वक और जान-बूझकर श्रीनगर में पर्यटन को बढ़ावा देने संबंधी विषय पर जी-20 के सदस्यों की बैठक रखी। आमतौर पर श्रीनगर को पर्यटकों का पसंदीदा स्थल कहा जाता है। अपने युवा विदेश मंत्री की अगुवाई में पाकिस्तान ने सभी देशों को श्रीनगर वाली बैठक में भाग लेने से गुरेज करवाने पर सारा जोर लगा दिया। जैसा कि पूर्वानुमान था, चीन ने श्रीनगर सत्र में भाग लेने से मना कर दिया और चार अन्य इस्लामिक यानी सऊदी अरब, मिस्र, इंडोनेशिया और तुर्की ने भी यही किया। हालांकि इंडोनेशिया और सऊदी अरब का प्रतिनिधित्व नई दिल्ली में नियुक्त उनके राजदूतों की उपस्थिति से रहा। तुर्की चूंकि दशकों से पाकिस्तान का तगड़ा समर्थक है, सो उसने भारत से कम दोस्ती निभाने का फैसला लिया।




कुछ हफ्ते पहले, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और उनके अमेरिकी समकक्ष जेक स्लीवन ने सऊदी अरब में वहां के युवराज मोहम्मद बिन सलमान और यूएई के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार शेख तहनून बिन ज़ायद से भेंटवार्ता की है। तेल संपन्न सऊदी अरब के साथ संबंध अच्छे बनाए रखने में अमेरिका का हित जुड़ा है, लेकिन राष्ट्रपति जो बाइडेन के एक कम सावधान और लचर बयान से रिश्तों पर विपरीत असर पड़ा है। हालांकि सऊदी अरब और ईरान के बीच संबंध सामान्य बनवाने में चीनी मध्यस्थता से अमेरिका हिल उठा है। जो अधिक हैरानकुन है, वह यह कि लगता है अमेरिका को ईरान के प्रति दुश्मनी जारी रखने में ज्यादा आनंद आता है। पिछले चार दशकों से अमेरिका के निरंतर विरोधी रवैये के बावजूद ईरान फला-फूला है। फारस का खाड़ी क्षेत्र, जहां लाखों भारतीय कामगार रहते हैं, वहां के तेल संपन्न राष्ट्रों के साथ चीन के प्रभाव का उद्भव होना वह घटनाक्रम है जिसको लेकर भारत शायद ही आशावादी हो। भारत के पश्चिमी पड़ोस में दो सबसे मुख्य मुल्क यानी यूएई और सऊदी अरब के साथ भारत-अमेरिका संयुक्त वार्तालाप से उम्मीद है इस क्षेत्र में सुरक्षा, स्थायित्व और आपसी सहयोग बढ़ेगा। इस वार्ता में बनी आपसी समझ को सावधानीपूर्वक विस्तार देकर यू2आई2 समूह (जिसमें भारत, अमेरिका, इस्राइल, और यूएई हैं) के साथ एकीकृत किया जाएगा। वह क्षेत्र जहां लगभग 81 लाख प्रवासी भारतीय रहते हैं, अकेले यूएई में ही लगभग 34 लाख भारतीय हैं, वहां की सुरक्षा, स्थायित्व और शांति बने रहना, जाहिर है भारत के लिए काफी महत्व रखती है। इस तमाम घटनाक्रम के बीच, भारत को थलीय और जलीय सीमाओं पर जो मुख्य सुरक्षा चुनौतियां दरपेश हैं, वह चीन की शी जिनपिंग सरकार के निरंतर दुश्मनी व भारत विरोधी कृत्यों से पैदा हुई है। चीनी करतूतों से भारत के सामने बने खतरों को पश्चिमी कमान के पूर्व कमांडर जनरल पनाग ने कुशलतापूर्वक शब्दों में समेटा है। लद्दाख में महीनों तक चली तनातनी और मुठभेड़, जो कि वर्ष 2020 में शुरू हुई थी, जनरल पनाग इसको वर्ष 1959 में घोषित एकतरफा चीनी सीमारेखीय दावों की ओर लौटने की जिद से जोड़ते हैं। लेकिन भारत की कड़ी टक्कर से चीन को अपने इरादों में पर्याप्त सफलता नहीं मिल पाई। चीन के साथ सीमा तनावों में पिछले तीन सालों में इजाफा हुआ है। 2020 का चीनी हमला, जो जाहिर है सुनियोजित था, उत्तरी लद्दाख के कुछ इलाकों को उसने दबा लिया है। भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में अतिरिक्त बलों की नियुक्ति करते हुए सामरिक महत्व की कैलाश पर्वतमाला की पहाड़ियों पर सुदृढ़ नियंत्रण बना लिया। साफ है चीन को इस तरह के कदम की आस नहीं थी। इसके बाद से, वरिष्ठ क्षेत्रीय सैन्य कमांडरों के बीच बैठकें तो होती रहीं किंतु यथा-स्थिति में कोई बदलाव नहीं हुआ है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इलाका कब्जाने की चीनी कोशिशें निरंतर जारी हैं। भारत ने पाएदार प्रतिक्रिया में, अरुणाचल प्रदेश के त्वांग इलाके में भूमि दबाने के चीनी प्रयासों को सफलतापूर्वक निष्फल किया है। भारत-चीन सीमाओं पर तनाव आगे भी बने रहने के कयास हैं। चीन का निशाना एकदम साफ है कि वह लद्दाख और अरुणाचल प्रदेश में भारतीय फौज को दुरूह और अत्यंत ठंडे इलाके में फंसाए रखना चाहता है। चीजें तभी बदलेंगी जब चीन को अहसास हो कि उसकी 'सलामी कटिंग' नीति (छोटे-छोटे हिस्सों में भारतीय इलाका हड़पना) से भारत के रूस, अमेरिका और जापान से बढ़ते रिश्तों पर बदलाव नहीं आने वाला न ही इससे हिंद-प्रशांत महासागरीय क्षेत्र को लेकर, भारत का क्वाड और यू2आई2 जैसे समूहों के साथ आर्थिक एवं रक्षा गठबंधन बनाने के दृढ़-निश्चय पर कोई असर होने वाला है। बल्कि भारत ने शंघाई सहयोग संगठन और ब्रिक्स जैसे संगठन (जिसके सदस्य रूस और चीन भी हैं) की सदस्यता लेकर अपने इन प्रयासों में आगे विस्तार किया है। चीन का नेपाल में भी भारत का प्रभाव घटाने को लेकर दृढ़-संकल्प बना हुआ है और नेपाल के राजनीतिक वर्ग के एक वर्ग को डोरे डाल रहा है। हालांकि कहने से ज्यादा यह कर दिखाना मुश्किल है क्योंकि समुद्र तट विहीन नेपाल और इसके लोग भारत पर काफी निर्भर हैं। जहां भारत और भूटान काफी लंबे समय से चली आ रही संधि पर प्रतिबद्ध हैं वहीं चीन अब भूटान के साथ सीमा संधि करके अपनी पैठ बनाना चाहता है। चीन के साथ वार्ता को आगे बढ़ाते वक्त वह भारत के साथ अपने आर्थिक, सांस्कृतिक व आध्यात्मिक संबंधों और भारतीय चिंताओं के प्रति संवेदनशील है। सबसे महत्वपूर्ण, भारत के साथ पाकिस्तान के टकराव को हवा देने के सिलसिले में चीन उसे रिवायती हथियारों की दिल खोलकर आपूर्ति करने के अलावा उसके परमाणु एवं मिसाइल कार्यक्रम में मदद करता आया है। चीन भारत की सामरिक रूप से घेराबंदी करने की नीति में काफी लंबे अर्से से लिप्त है। यह एक हकीकत है, इसका मुकाबला करने को दीर्घ-कालिक तैयारी रखे। लंबे समय से, चीन की ओर से जो चुनौतियां बनती आई हैं, उस पर भारत के प्रतिक्रियात्मक प्रयास धीरे-धीरे गति पकड़ रहे हैं। इसके तहत, रूस से अच्छे संबंध कायम रखना है, भले ही पश्चिमी जगत एतराज करे, जो कि यूक्रेन युद्ध के बाद काफी बढ़ गए हैं। भारत का मानना है कि यूक्रेन के इलाकों पर रूसी कब्जा अनिश्चितकाल तक नहीं बना रह सकता और यह भी कि युवा और महत्वाकांक्षी यूक्रेनी राष्टपति जेलेंस्की अपने इरादों को पूरा करने की जल्दी में अमेरिका के साथ पींगें बढ़ाने में कुछ ज्यादा ही आगे निकल गए और उसकी शह पाकर क्रीमिया पर नियंत्रण बनाना चाहा।

## संपादकीय

# खनन पर लगाम



पर्यावरण संरक्षण और कानून व्यवस्था के लिये चुनौती बने अवैध खनन को लेकर देश की शीर्ष अदालत और एनजीटी अक्सर सख्त टिप्पणियां करते रहे हैं। इस दिशा में प्रयास भी होते रहे हैं लेकिन समेकित पहल के अभाव में प्रयास सिरे नहीं चढ़ पाते। अब इस दिशा में हरियाणा के वन विभाग द्वारा एक व्यावहारिक पहल की गई है। अवैध खनन करके निकाले गये पत्थरों, रेत-बजरी आदि को ले जाने वाले वाहनों के रास्ते और वन मार्ग सील करने की पहल की गई है। निस्संदेह, यदि इस कोशिश को तार्किक परिणति दी गई तो अवैध खनन की कोशिशों पर किसी हद तक रोक लगायी जा सकती है। निश्चित रूप से नूंह में वन विभाग द्वारा सभी रास्तों व वन मार्गो को सील करने के लिये शुरू किया गया अभियान सही दिशा में उठाया गया कदम है। कह सकते हैं कि लंबी चलने वाली इस प्रक्रिया की व्यावहारिक शुरुआत हुई है। लेकिन एक बात तय है कि अरावली पर्वत शृंखला में अवैध खनन रोकने के प्रयासों में सफलता तभी मिलेगी, जब सभी स्तरों पर एकीकृत प्रयास किये जायेंगे। जो कि कार्रवाई के पैमाने और नीतियों में निरंतरता से संभव होंगे। लेकिन इस दिशा में सफलता के लिये राजनीतिक इच्छाशक्ति की भी सख्त जरूरत होगी। यदि सरकारी तंत्र को अवैध खनन बंद करने के सख्त आदेश दिये जाएंगे तो नीतियों का क्रियान्वयन आसान हो सकेगा। वहीं यदि इस अभियान में कुछ लोगों को छूट दी गई तो मुहिम के सार्थक परिणाम पाना मुश्किल हो सकता है। कुछ लोगों को छूट और कुछ पर सख्ती से अवैध खनन पर रोक के लक्ष्य हासिल नहीं किये जा सकते हैं। कहा जा सकता है कि सभी विभागों की ओर से साझे प्रयास और खनन से जुड़ी बड़ी मछलियों पर नकेल डालने से ही अवैध खनन की समस्या का कारगर समाधान निकलने की संभावना बढ़ जायेगी। यह भी तय है कि राज्य में अवैध खनन बिना राजनीतिक संरक्षण के संभव नहीं है। दरअसल, चुनाव में आर्थिक मदद करने वाले खनन माफिया कालांतर निरंकुश खनन के लिये संरक्षण की सुविधा जुटाने का प्रयास करते हैं। कुछ पर शिकंजा और कुछ को छूट की नीति से प्राकृतिक संपदा की लूट का खेल बदस्तूर जारी रहता है। जो किसी भी सार्थक मुहिम को निष्प्रभावी बना देता है। विगत में देखा गया है कि अवैध खनन हेतु डम्पर- कैंटर व मशीनों को लाने तथा उत्खनित पत्थरों को ले जाने वाले वाहनों के लिये रास्ते रातों-रात चौड़े कर दिये जाते हैं। अधिकारियों द्वारा पहचाने गये ऐसे करीब सौ रास्तों में से अधिकांश राजस्थान में भरतपुर की सीमा के निकट स्थित हैं। इनमें से बीस को अधिकारियों ने सील कर दिया है। अधिकारी कह रहे हैं कि अवैध खनन की कोशिश करने वालों से सख्ती से निबटा जा रहा है। साथ ही अवैध खनन करके पत्थर व रेत-बजरी ले जाने वाले वाहनों की आवाजाही को रोकने के लिये और मार्गों की तलाश की जा रही है। इन इलाकों में चौकसी बढ़ा दी गई है। जरूरत इस बात की है कि ऐसे प्रयासों में निरंतरता बनी रहे। विगत में देखा गया है कि ऐसे अभियान शुरुआत में तो बड़े जोर-शोर से शुरू किये जाते हैं लेकिन इस प्रयासों को तार्किक परिणति तक पहुंचाने से पहले ही मुहिम में शिथिलता आ जाती है। यहां यह भी महत्वपूर्ण है कि अरावली की तलहटी में ऐसे अभियानों को सफल बनाने में सामुदायिक भागीदारी की पर्याप्त संभावनाओं को तलाशा जाये। इसके लिये जरूरी है कि अवैध खनन के खतरों और इसके दीर्घकालीन विनाशकारी परिणामों के बारे में ग्रामीणों को जागरूक किया जाये। इससे विभिन्न विभागों को इस इलाके में होने वाली अवैध गतिविधियों की सूचना भी समय रहते हासिल की जा सकती है। यदि इन सूचनाओं पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई हो तो सार्थक परिणाम जरूर मिल सकते हैं। खनन की दृष्टि से संवेदनशील क्षेत्र में स्थानीय समर्पित युवाओं और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाकर अपेक्षित लक्ष्य हासिल किये जा सकते हैं। ऐसे लोगों को प्रशिक्षित करने और रोजगार देने से स्थानीय लोगों की भूमिका अवैध खनन रोकने में कारगर सिद्ध हो सकती है।

# भारत प्रगति, प्रकृति, मानवता और लोक-कल्याण का अद्भुत संगम बना

राम नाथ कोविंदप्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे हो गए हैं। इस दौरान भारत के हर क्षेत्र में विकास की दृष्टि से क्रांतिकारी बदलाव हुए हैं। मैं इस बदलते भारत का साक्षी रहा हूँ। पहले एक सामान्य नागरिक के रूप में, फिर एक राजयपाल के रूप में, बाद में देश के राष्ट्रपति के रूप में और अब देश के पूर्व राष्ट्रपति के रूप में मैंने इन परिवर्तनकारी बदलावों को बहुत ही नजदीक से अनुभव किया है। देश के एक नागरिक के रूप में मैं इतना निश्चित रूप से कहना चाहता हूँ कि मेरा देश बदल रहा है। ये अनुभव आज देश का हर नागरिक कर रहा है। साथ ही, पूरी दुनिया भी भारत में बीते 9 सालों में आये बदलाव से आश्चर्यचकित है और भारत को सलाम कर रही है।बीते 9 वर्षों में वैश्विक मंचों पर निरंतर भारत की ताकत का आभास होना सुखद संकेत है। यह ताकत इसलिये भी बढ़ रही है क्योंकि दुनिया अब युद्ध नहीं, शांति चाहती है। भारत अपनी शांति, मानवतादी सोच एवं हिंसा-युद्ध विरोधी नीतियों से सभी महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जिस तरह वैश्विक समुदाय का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है, उससे यही पता चलता है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अंतरराष्ट्रीय मामलों में भारत की भूमिका बढ़ रही है एवं मजबूत हो रही है। इसका एक प्रमाण अभी हाल ही में हमने हिरोशिमा, फिजी और ऑस्ट्रेलिया में भी देखा। भारत में जी-20 का जिस तरह से सफल आयोजन हुआ, वह पूरे देश को गौर्वान्वित करने वाला है। श्रीनगर में जी-20 की बैठक का सफल आयोजन वैश्विक पटल पर भारत के बढ़ते कदम का मजबूत हस्ताक्षर है। श्रीनगर के साथ लद्दाख और अरुणाचल में जी-20 की बैठकों का आयोजन एक भारत - श्रेष्ठ भारत' के दर्शन को चरितार्थ करता है।मुझे बीते 9 वर्षों में जिस बात से सबसे अधिक प्रसन्नता हुई है, वह यह है कि इस कालखंड में देश के गाँव, गरीब, किसान, दलित, पीड़ित, शोषित, वंचित, पिछड़े, महिलायें एवं युवा - सभी सशक्त हुए हैं। आज भारत की बेटियां हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं। देश के युवा वैश्विक पटल पर अपनी छाप छोड़ रहे हैं। सामाजिक न्याय के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार समर्पित रही है क्योंकि सरकार की कार्यसंस्कृति का आधार ही सबका साथ, सबका विकास रहा है। बीते 9 सालों में लगभग 48 करोड़ लोगों के लिए बैंक के द्वार खुले, बिजली से वंचित 18 हजार से अधिक गाँवों और लगभग 4 करोड़ घरों में बिजली पहुंची, लगभग तीन करोड़ गरीबों के घर बने, लगभग 11 करोड़ शौचालय बनाये गए, 9.5 करोड़ गैस कनेक्शन वितरित किये गए, देश के 55 करोड़ लोगों को आयुष्मान भारत का कवच दिया गया, करोड़ों एलईडी बल्ब वितरित किये गए, लाखों गाँवों को ऑप्टिकल फाइबर से जोड़ा गया, किसानों और मजदूरों के लिए मासिक पेंशन की व्यवस्था की गई और 10 करोड़ से अधिक किसानों को किसान सम्मान निधि के तहत सशक्त बनाया जा रहा है। देश के लगभग 80 करोड़ लोगों को जरूरी राशन मुफ्त में दिया जा रहा है। यही तो वे बुनियादी आयाम हैं, जिसकी भारत वर्षों से बाट जोह रहा था।आज लाभार्थियों के हक़ का पैसा बिना किसी बिचौलिए के सीधे उनके बैंक एकाउंट में ट्रांसफर हो रहा है। इसमें जो पहले लीकेज हो रहा था, उसको खत्म कर इस पैसे का उपयोग गरीब कल्याणकारी योजनाओं में लगाया जा रहा है। मैंने खबर पढ़ी है कि डीबीटी के माध्यम से लगभग 27 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि लाभार्थियों के एकाउंट में अब तक ट्रांसफर की जा चुकी है। बीते 9 वर्षों में देश की प्रति व्यक्ति आय और किसानों की आय में व्यापक वृद्धि हुई है। हर गाँव को पक्की सड़कों से जोड़ा गया है। राष्ट्रीय राजमार्ग का व्यापक विस्तार हुआ है। विकास के कॉरिडोर बनाये जा रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट में भारत की तैराकी बेमिसाल है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी न केवल देश को हर मोर्चे पर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं बल्कि वे इतिहास की कई गलतियों को भी सुधार रहे हैं और न्यू इंडिया' के मजबूत संकल्प को साकार कर रहे हैं। बीते 9 सालों में भारत ने कई विवादित मुद्दों का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया। अयोध्या में भव्य श्रीराम मंदिर बन रहा है, जम्मू-कश्मीर से धारा 370 समाप्त हुआ, आतंकवाद पर निर्णायक प्रहार हुआ और मुस्लिम महिलाओं को ट्रिपल तलाक से आजादी मिली। बीते 9 वर्षों में देश गुलामी की हर सोच से मुक्ति पाने की राह पर चल पड़ा है। रेस कोर्स रोड, लोक कल्याण मार्ग के रूप में प्रतिष्ठित हुआ, राजपथ अब कर्तव्य पथ है, नेशनल वॉर मेमोरियल बना, इंडिया गेट पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा लगी, सरदार पटेल को समर्पित विश्व की सबसे बड़ी मूर्ति स्टैच्यू ऑफ यूनिटी बनी।देश को आजाद हुए 75 वर्ष हो गए। आज भारत विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में जाना जाता है लेकिन इतने वर्षों बाद भी लोकतंत्र का हमारा मंदिर संसद ब्रिटिश कालीन निर्मित भवन में चल रहा था जिसे संसद भवन के रूप में बनाया ही नहीं गया था। वर्षों से नए संसद भवन की जरूरत थी। मैंने भी एक सांसद के रूप में एक नए भवन की जरूरत महसूस की थी। कई बार इस पर चर्चा हुई लेकिन पहल नहीं की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नए संसद भवन के निर्माण का बीड़ा उठाया और रिकॉर्ड समय में हमारा नया संसद भवन बन कर तैयार हुआ। पूरा देश इस ऐतहासिक क्षण का गवाह बना। यह भारत के महान लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण एवं संवर्धन में महती योगदान देगा। संसद भवन में देश की आजादी के समय सत्ता हस्तांतरण के प्रतीक सेंगोल को भी पूरे विधि विधान के साथ स्थापित किया गया जो हमारी महान विरासत का प्रतीक है। इस ऐतिहासिक अवसर का साक्षी बनने का सौभाग्य मुझे भी मिला।नरेन्द्र मोदी सरकार के 9 वर्षों में भारत ने कई चुनौतियों को परास्त करते हुए इसे देश के लिए अवसर में बदला है। कोरोना काल में देश ने जिस तरह एकजुटता दिखाई और इसे मात दी, वह वाकई काबिलेतारीफ है। कोरोना और रूस-यूक्रेन युद्ध तथा दुनिया में आई आर्थिक मंदी के बावजूद भारत सबसे तेज गति से आर्थिक विकास कर रहा है। नरेन्द्र मोदी सरकार के विजन से भारत 9 वर्षों में दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनी। भारत रक्षा क्षेत्र में भी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर है। भारत आज रक्षा उत्पादों का निर्यात भी कर रहा है। सीमा सुरक्षा मजबूत हुई है। सीमा सुरक्षा और सीमा पर बसे गाँवों में रहने वाले लोगों के सशक्तिकरण के उद्देश्य के साथ शुरू हुई वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम की जितनी तारीफ की जाय, कम है।बीते 9 सालों में ऐसी कई परियोजनाएं पूरी हुई जिसे वर्षों पहले शिलान्यास का पत्थर लगाकर या फिर काम शुरू करने का खानापूरी कर उसे अधूरा छोड़ दिया गया था। ऐसी लगभग 400 से अधिक परियोजनाएं ऐसी थीं जिसे कांग्रेस सरकार ने शिलान्यास करके छोड़ दिया था। इससे न देश को लाभ मिल रहा था, तिस पर इसकी लागत भी बढ़ती जा रही थी। कई परियोजनाएं 30-40 साल से अधूरी लटकी हुई थी। नरेन्द्र मोदी सरकार ने इन सभी परियोजनाओं को रिकॉर्ड समय में पूरा कर देश को समर्पित किया।मैं बीते 9 साल को भारत की आशा, आकांक्षा और विश्वास के 9 साल मानता हूँ जहाँ देश के हर एक नागरिक को अपने देश पर गर्व हुआ है। बीते 9 वर्षों में भारत प्रगति, प्रकृति, मानवता और लोक-कल्याण का अद्भुत संगम बना है। इन 9 वर्षों में भविष्य के भारत की नींव रखी है जो 2047 में विकसित भारत के लक्ष्य को पूरा करने में सहायक होगा।

# संदीप पटेल कसक की ग़ज़ल क्यों करें का आस्वाद

**आग अपने-आप भीतर क्यों करें ।**
**गम की फरियादें भी दर-दर क्यों करें ।**
**हमसफर अपने ही कब समझें हमें?**
**जक्रि औरों का सरासर क्यों करें ।**
**अधघडी में याद मिट जाये तेरी,**
**आरजू नाकाम- ए-दिलबर क्यों करें ।**
**कोशिशें भी थक हुई हैं जब निढाल,**
**सिम्त उसकी राह आखिर क्यों करें ।**
**जब परे सब हो गई हो इन्तिहा,**
**मुतमईन सांसों को देकर क्यों करें ।**
**-संदीप पटेल कसक**
**-तरजुमाकार सतीन देसाई परवेज दीप्ति गुरु**

**शब्दार्थ**
**नाकाम-ए-दिलबर = नाकाम दिलबर**
**निढाल = असमर्थ,सिम्त= उस और**
**इन्तिहा = अंतिम,मुतमईन = संतुष्ट**

संदीप पटेल कसक जो कि गुजराती के बेहतरीन गज़लगो है। उनकी ये तरजुमाशुदा गजल का भीतर खोलते हुए, जो संत्रुप्ति का एहसास होता है । उसीमें ही जीवन का सहीह फलसफा खुलता हुआ नजर आता है। जबकि आज के इस बनावटी दौर में अपने भीतर को ही फरियाद की चिता में जलाकर खाक होना किस हद तक मुनासिब है।।ये हमें इनका मत्ला पढते हुए ही महसूस हो जाएगा।

**आग अपने आप भीतर क्यों करें ।**
**गम की फरियादें भी दर-दर क्यों करें ।**

वैसे तो हरेक इन्सान को अपने या पराये गम में जलने के सिवा कोई चारा कहाँ होता है। सही मानों में ये भीतर की भडकती आग ही इन्कलाब ला सकती है। जैसे कि शायर दुष्यंत कुमार फरमाते हैं ।

मेरे सीने में नहीं तो तेरे सीने में सही,
आग कोई भी सीने में हो भडकनी चाहिए।
-दुष्यंत कुमार

दुर्भाग्यवश वो इन्कलाबी आग आज कहीं भी



भडकती न होने से, शायर इस मुर्दा एहसास लोगों से शिकायत करना नागवार समझते हैं। जींदगी का असली शुऊर पानेवाला ये शायर इसी सिलसिले को आगे बढाते हुए अपने अहसास का अंदाज़ बदलके वही सच दोहराते हैं कि जहां हमारे अपने ही लाशऊरी में अपनापन खोकर परायों से भी बुरा बरताव करते हो। वहां परायों का जिक्र करके दुखी होना कब तक यही तो एहसासात की बुनियाद है।कि जहां खुद अपना वजूद ही अपना न हो तो गैरों से क्या उम्मीद शेर पे ग़ौर फरमायें ।

हमसफ़र अपने ही कब समझें हमें!
जिक्र औरों का सरासर क्यों करें ।

तीसरा शेर अपने आपमें अपार विस्तार लिए हमें जीने की राह सिखलाता है। इस में ÷याद मिट जाये तेरी÷ में इक आम याद से लेकर खुदाई यादों की और बडा गंभीर इशारा है। शेर को गौर पढने से ही इसका गहरा मतलब हमें समझ आएगा।

अध घड़ी में याद मिट जाये तेरी,
आरजू नाकाम-ए-दिलबर क्यों करें ।

जहाँ स्वयं ही ये संसार को बनाने वाला मन के पर्दो में छिपके ओझल हो जाता हो। ऐसी नाकाम अवस्थाओं में अपने नाकाम बेवफा दिलबर के बारे में सोच के उससे किसी किसम की उम्मीद करना, जहरीली फजाओं में अपने आप को खुद ही धकेलने के बराबर ही होगा। शायर सामिर खत्री का ये शेर इस माहौल को बराबर लागू पडता है।

**असबाब तबाही के शामिल है सेवाओं में।**
**जीना है बहोत मुश्किल जहरीली फजाओं में ।**
**सामिर खत्री**

चोथा शेर शायर को हर राह से वापस लौट के अब खुद ही में सिमट कर पलथी लगाकर बैठने को बेचैन कर रहा है। शायर इसी मोड से पलटके अपने आप को अध्यात्म के उस पडाव में स्थिर करना चाहता है। जहाँ सांसों की भी लैन-दैन का कोई चलन हो। ये हकीकत आखरी शेर ही में जाहिर होती है। चौथा शेर देखीएगा।

**कोशिशें भी थक हुई हैं जब निढाल,**
**सिम्त उसकी राह आखिर क्यों करें ।**

ये इन्सानी समझदारी का बहुत बडा ही संदेश है।कि जहां आपकी हर तरह की कोशिशें नाकाम हो जाए। फिर उसी राह पे अंधे हो चलना अंधे कुएं में गिरने के बराबर ही होगा। आखिरी शेर हासिले-गजल शेर है।जहाँ ये शायर सूफियाना अंदाज में मौत को भी सांस का तोहफा न देकर अपने होने की खुदमुख्तारी पे संतुष्ट होकर नाज करते हैं ।

**जब परे सब हो गई हों इन्तिहा,**
**मुतमईन सांसों को देकर क्यों करें ।**

शायर डो इक़बाल के इस शेर से भी आगे निकल जाते हैं ।

**सितारों से आगे जहां और भी हैं ।**
**अभी इश्क के इम्तिहां और भी हैं ।**
**-डो.इक़बाल**

इस शायर की सोच में जब सारी हदें ही मिट गई हों। तब सांसों को देकर मुक्ति पाना क्या व्याजबी है।

संदीपजी की वास्तविक सोच से अध्यात्म के सफर पे चलो हम भी चलें ।

**-सतीन देसाई परवेज दीप्ति गुरु**
**ए/3 अभिलाषा फ्लैट पालडी अहमदाबाद।**
**- संकलन- निलेश श्रीमाली निल कुमार मेसरीअन पाटन गुजरात**

# वोपारी ग्राम में आईमाता मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा

## कलश यात्रा में उमड़ा जन सैलाब

**पुष्पाजंली टुडे / नारायणलाल सेंणचा**
पाली। ग्राम वोपारी में नवनिर्मित श्री आई माता मंदिर (वडेर) की प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर गांव में सजावट की गई है। नौ दिवसीय धार्मिक आयोजन के दौरान बुधवार से भागवत कथा का प्रारंभ हुआ, जिसको लेकर सवेरे गांव के मुख्य मार्गों से होते हुए गाजे-बाजे के साथ कलशयात्रा निकली, जो नवनिर्मित श्री आई माता मंदिर पर संपन्न हुई।

कलशयात्रा में समाज की महिलाएं लाल चुनरी ओढ़े सिर पर कलश लिए मंगल गीत गाते हुए चल रही थी। कलशयात्रा के संपन्न होने के पश्चात संत कृपाराम व राजाराम महाराज द्वारा भागवत कथा का वाचन किया गया। वहीं रात्रि में प्रतिदिन जागरण का भी आयोजन हो रहा है, जिसमें भजन गायकों द्वारा प्रस्तुतियां दी जा रही है। जागरण कार्यक्रम के दौरान समाजबंधुओं द्वारा बोलियां भी लगाई जा रही है। प्राण-प्रतिष्ठा में भाग लेने के लिए बड़ी संख्या



में समाज के प्रवासी बंधु आए हुए हैं। कार्यक्रम के आठवें दिन 6 जून को सायं 4=15 बजे माताजी की बैल व सीरवी समाज के धर्मगुरु दीवान माधवसिंह का बधावणा व कलशयात्रा निकाली जाएगी। धार्मिक आयोजन के अंतिम दिन 7 जून को सवेरे 5=15 बजे शुभ मुहूर्त में प्राण-प्रतिष्ठा, मूर्ति स्थापना, पाट स्थापना, कलश स्थापना, ध्वजा एवं अखंड ज्योत की स्थापना का कार्यक्रम होगा। इसके बाद में 10=15 बजे से महाप्रसादी का आयोजन होगा तथा धर्मगुरु दीवान माधवसिंह द्वारा अतिथियों का स्वागत किया जाएगा। प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव को भव्य बनाने को लेकर कोटवाल वेनाराम चोयल ,जमादारी पूनाराम चोयल ,अध्यक्ष चेनाराम सचिव नारायणलाल पंवार, कोषाध्यक्ष थानाराम चोयल एंव मोहनलाल चोयल, हरिराम चोयल, प्रतापमल पंवार, सूजाराम चोयल, उम्मेदराम चोयल, मगाराम पंवार, थानाराम चोयल, वालाराम पंवार, पन्नालाल चोयल समाजबंधु लगे हैं।ये जानकारी नारायणलाल चोयल चेन्नई द्वारा दी गई।



# गुड़ा मेहराम गांव में गाजे बाजे संग हुई प्रतिष्ठा

## दिनभरा रहा मेले सा माहौल, मंदिर में विराजीं आईमाता

**पुष्पाजंली टुडे/नारायणलाल सेंणचा**
पाली। निकटवर्ती गुडा मेहराम गांव में नवनिर्मित श्री आई माताजी मंदिर प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव धूम-धाम से संपन्न हुआ । पंचदिवसीय महोत्सव के तहत दिनभर कई धार्मिक कार्यक्रम हुए । जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भागीदारी निभाई ।ग्राम में दिनभर मेले सा माहौल रहा ।आस -पास गांवों के अलावा प्रवासीबंधुओं ने भी आयोजन में शिरकत की। आईमाता जयकारे से गुड़ा मेहराम गांव गूंज उठा ।महोत्सव के तहत आयोजित यज्ञ में मुख्य यजमानों सहित श्रद्धालुओं ने यज्ञ में सपत्नीक पूर्णाहुति देकर धर्मलाभ अर्जित किया। पुष्प वर्षा के साथ मंदिर में आईमाता सहित विभिन्न देवी देवताओं की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा पाट स्थापना, अखंड ज्योत स्थापना के साथ मंदिर पर कलश व अमर ध्वजा की स्थापना की गई। इस मौके आईमाता के जयकारों से वातावरण धर्ममयी बन गया । इस अवसर पर आयोजित धर्मसभा में सीरवी समाज के धर्मगुरू दीवान माधवसिंह ने कहा



कि परोपकार की जड़ सदैव हरी होती है। उन्होंने कहा कि अच्छे कर्मों का फल अच्छा ही मिलता है ।समय समय ऐसे धार्मिक आयोजन होते रहते है।जिससे मन बेहद प्रसन्न होता है । दीवान ने कहा की गुड़ा मेहराम गांव के लिए गौरव की बात है ।श्रद्धालुओं ने आई माता मंदिर का निर्माण कर अपने धर्म एंव संस्कृति को आगे बढ़ाने का बहुत अच्छा कार्य किया है। समाज के बंधुओं को धर्म के साथ-साथ शिक्षा पर जोर देने के लिए कहा, शिक्षा इसमें भी बालिका शिक्षा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया की शिक्षित समाज ही विकसित समाज हो सकता है।साथ ही युवा पीढ़ी को नशे से दूर रहने का आह्वान किया। इसके बाद विभिन्न वडेरो से पधारे हुए पदाधिकारियों,जमादारो, कोटवालो का स्वागत सत्कार किया गया। इस महोत्सव में समाज के अनेक गणमान्य बंधुओं ने भाग लिया। मंच संचालन प्रेम सीरवी ने किया।

# विद्यार्थी परिषद ने गंगा जमना विद्यालय में हि?ाब को लेकर कलेक्टर को सौपा ज्ञापन



**पुष्पांजली टुडे**
दमोह।अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा गंगा जमना विद्यालय में हि?ाब को लेकर कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें जिला सयोंजक बसंत राजपूत ने बताया कि 10वी,12वी कब परिणाम घोषित हुए थे।जिसमें गंगा जमना विद्यालय में कुछ छात्राएं टॉप आई हुई थी। जिसमें हिंदू छात्राओं की फोटो पोस्टर में हि?ाब पहनाकर विद्यालय के बाहर लगाई गई थी। परंतु जब सभी ने देखा तो इसका विरोध सोशल मीडिया पर किया गया तभी कलेक्टर का ट्वीट आता हैं। कि विद्यालय में कोई तथ्य नहीं गलत नहीं पाया गया हैं।और जिला शिक्षा अधिकारी ने क्लीन चिट विद्यालय के प्रबंधकों को दे दी। जिला सह संयोजक राहुल कुमार ने कहा कि गंगा जमना विद्यालय में ड्रेस कोड के नाम हिन्दू छात्राओं जबरन हि?ाब पहनाया जा रहा हैं। विद्यालय धर्मांतरण का अड्डा बना हुआ हुआ हैं। जिसमें विद्यालय प्रबन्धकों के पास विदेशी फंडिंग से प्रबंधक लिप्त हैं। छात्रों को जबरन इस्लामिक शिक्षा दी जाती हैं।अरबी उर्दू अनिवार्य हैं हम सभी तथ्यों की निष्पक्ष जांच हो।हम चाहते हैं उक्त विषय को गंभीरता से लेकर जल्द जल्द उच्च स्तरीय जांच कराई जाए। और विद्यालय प्रबंधक के ऊपर ठोस से ठोस कार्यवाही की जाए। विद्यार्थी परिषद के नीलेश राठौर ने कहा कि विगत दिन पूर्व परिणाम घोषित हुए थे जिसमें कुछ छात्र छात्राएं टॉप आई थे। उनकी तस्वीर फ्लेक्स में लगाकर विद्यालय के बारह टांग दी गई थी। जिसमें हिंदू छात्राओ को हिजाब पहनाया गया हैं। जिसकी जानकारी जिला प्रशासन को भी लगी तभी शिक्षा अधिकारी विद्यालय पहुँचे तो उनका कहना यह था कि कोई भी तथ्य साबित नहीं हुए और जल्द बाजी में उन्होंने विद्यालय प्रबंधक को क्लीन चिट दे दी। ओर विद्यालय के शिक्षकों कहा जाता हैं कि आपके मोबाईल में जितना डाटा हैं सब हटा दो और छात्राओं के घर पर कॉल किए गए।इससे यह साबित होता हैं की कही न कही मामला शांत करने की फिराग में हैं। इसी को लेकर साथ साथ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय बाहर धरना प्रदर्शन किया। जिला शिक्षा अधिकारी के निलबंन को लेकर नारेबाजी की। कलेक्टर आपसे आग्रह हैं उक्त विषय को गंभीरता से लिया जाए। और जिला शिक्षा अधिकारी को निलबंन किया जाए। गंगा जमना विद्यालय की मान्यता रद्द की जाए। यदि जल्द से जल्द उक्त विषय को संज्ञान में नहीं लिया गया तो विद्यार्थी परिषद स्वयं ही विद्यालय में ताला बन्दी करेगी। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।जिसमें प्रमुख रूप से उपस्थित नगर मंत्री सत्यम राजपूत, सहमंत्री रोहित राय प्रान्त कार्यकारणी सदस्य नमन सांडेल ,मोहन पटेल, अरविंद पाटकर, अमित पाटकर, राजेश चतुर्वेदी ,बंधन विश्वकर्मा ,अंकित व्यास, मनोज पटेल, सिद्धार्थ मिश्रा ,प्रमोद अहिरवार, हरि विश्वकर्मा, प्रशांत विश्वकर्मा,सरल शुक्ला आदि बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

# देवेंद्रनगर परिषद सभागार में गणमान्य नागरिकों के बीच संपन्न हुआ विदाई और प्रतिभा सम्मान समारोह

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा**
**पुष्पांजली टुडे की खबर**
पन्ना। देवेंद्रनगर के नगर परिषद सभागार में सेवानिवृत हो चुके सहायक राजस्व निरीक्षक वशीर मोहम्मद को सम्मानजनक विदाई दी गई।कर्मचारियों





ने उनके 41 वर्ष के समर्पण और कर्तव्य निष्ठा की तारीफ करते हुए आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की गई।नगर परिषद अध्यक्ष शिवांगी ललित गुप्ता,सीएमओ दिनेश जडिया,उपाध्यक्ष जयकुमार कुशवाहा द्वारा तिलक,शाल श्रीफल,और स्मृति चिन्ह देकर बशीर चच्चा को भावभीनी विदाई दी गई। वही नगर की बेटी संस्कृति जैन जिन्होंने 10 वीं में प्रदेश की प्रविण्यता सूची में 9वा स्थान अर्जित कर नगर का गौरव प्रदेश स्तर पर बढ़ाया है। उन्हे नगर परिषद द्वारा शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में सीएचसी को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन हॉस्पिटल की श्रेणी में सर्टिफाइड प्रदेश के मात्र छह हॉस्पिटल में से एक में शामिल करवा कर नगर का नाम रोशन करने वाले सीबीएमओ डॉक्टर अभिषेक जैन का सम्मान भी नगर परिषद द्वारा शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर किया गया इस समारोह में नगर अध्यक्ष श्रीमती शिवांगी ललित गुप्ता, उपाध्यक्ष जयकुमार कुशवाहा,सीएमओ दिनेश जड़िया, सीबीएमओ अभिषेक जैन ,पार्षद श्रीमती रुबीना उस्मानी,प्रदीप गुप्ता, ललित गुप्ता पूर्व मंडल अध्यक्ष, अशोक कुशवाहा ,सहित सैकड़ों की संख्या में आमजन व नगर परिषद के कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का सफल संचालन सुरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा एवम आभार सीएमओ नगर परिषद द्वारा किया गया।

# जिसकी सोच ने छत्तीसगढ़ के विकास को दिलाई नई दिशा, हमेशा रहा कुछ कर गुजरने का जज्बा

**संवाददाता हेमचंद नागेश**
गरियाबंद-रायपुर इतिहास के पन्नों में कुछ ऐसे किरदार भी रहे हैं, जिन्होंने अपने राज्य की तस्वीर बदलने में अहम भूमिका निभाई थी। लेकिन कभी उन्होंने खुद को श्रेय नहीं दिया। बल्कि उसे एक सामूहिक प्रयास का नाम दिया है। इसके बावजूद उनके किरदार की चर्चा उस वक्त जरूर होती है। जब उनके दौरान काम की सफलता का जिक्र किसी की जुबां पर होता है। वो बचपन से ही मेधावी और प्रखर मेधा के धनी थे। साथ ही मिलनसार भी। पढ़ाई शुरू होती है, धीरे-धीरे बाल मन में देश और समाज के लिए कुछ कर गुजरने की इच्छा। इस लक्ष्य को पाने के लिए प्रशासनिक सेवा की तैयारी। पूरे तात्कालीक मध्यप्रदेश राज्य सेवा आयोग में टॉप कर गए। जी हां, हम बात कर रहे हैं आईएएस अनिल टुटेजा की, जो आज सेवानिवृत हो गए। इनकी चर्चा इसलिए कर रहे हैं, उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान कांग्रेस और बीजेपी की सरकारों में महत्वपूर्ण पदों पर विकास की तमाम सफल योजनाओं का खाका खींचा था। भले वे इसका श्रेय कभी नहीं लिए लेकिन पूर्ववर्ती सरकारों ने जरूर लिया। लेकिन इनकी सफलता रुपी प्रतिभा के विरोधी लॉबी ने साजिशों का ऐसा तानाबुना, ईओडब्ल्यू-एसीबी के छापे पड़े। इसके बाद इनके उत्कृष्ट कामों पर राजनीतिक साजिशों के तमाम झंझावतों के बावजूद वे कभी डिगे नहीं और अपने कर्म पथ पर पूरे कार्यकाल के दौरान विकास की नई इबारतें गढ़ते चले गए। उधर इनके द्वारा किए महत्वपूर्ण कामों को धूमिल करने के लिए विरोधी लॉबी बार-बार नाकाम



कोशिशे करते रहें। बावजूद अनिल टुटेज अपनी मेधा शक्ति की प्रखर ज्योति को कभी मंद्धम नहीं पड़ने दिए। इनकी अद्वितीय क्षमता की परख मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को थी। लिहाजा, उन्होंने उन पर भरोसा जताया क्योंकि भूपेश बघेल जी को मालूम था, वे साजिशों के शिकार हैं। उन्हें छत्तीसगढ़ के लिए जनकल्याणकारी योजनाओं की रुपरेखा बनाने की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी। ऐसे में वे भी पूरे खरे उतरे। सबसे पहले छत्तीसगढ़ में उद्योगों को पुर्नजीवित करने के लिए उन्होंने नई उद्योग पॉलिसी बनाई। साथ ही निवेश वे क्षेत्र ढूंढे, जिनसे छत्तीसगढ़ के विकास में एक संजीवनी का काम किया। उदाहरण के तौर पर एथेनाल प्लांटों के स्थापित होने की बाढ़ लग गई। उन्होंने दिन रात देश के राज्यों और विदेशों में चल रही नीतियों का अध्ययन भी किया। इनमें जो अलग हटकर चीजें सामने आईं, उसके आधार पर एक समावेशी योजनाओं का खाका खींचा। इसके बाद इन्होंने भूपेश सरकार के सामने उन जीवंत और फलदायी योजनाओं को रखा। जिसके महत्व को समझते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने योजनाओं को लागू किया।

**जनता से सरकार के बीच एक मजबूत कड़ी बनाने में भी अहम भूमिका निभाई**-इसमें बतौर उदाहरण के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना है। जिसे आज पूरे देश में सभी राज्यों की सरकारें भी पसंद कर रही हैं। और उसे अपने-अपने राज्यों में अलग-अलग नामों से लागू कर चुकी हैं या लागू कर रही है। यही कारण है कि अभी तक बीते चुनावों में भूपेश के मॉडल की चर्चा भी किसी से छिपी नहीं है। बहरहाल, अनिल टुटेजा जी ने योजनाओं को मूर्तरूप देने के साथ जनता से सरकार के बीच एक मजबूत कड़ी बनाने में भी अहम भूमिका निभाई। वे जानते थे, भूपेश बघेल के गढबो नवा छत्तीसगढ़ के नारे को साकार रूप से आकार देने के लिए यहां संस्कृति और लोक परंपराओं के साथ एक समावेशी योजनाएं बननी चाहिए। ऐसे में जैसे ही उन्हें भूपेश बघेल के इस सपने को पूरा करने का मौका मिला तो उन्होंने रामवन गमन पथ और कृष्ण कुंज को पर्यटन के रूप में विकसित करने की योजना में भागीदारी निभाई। वे किसी विषय वस्तु को पहले भूत-भविष्य और वर्तमान की कसौटी पर कसने के बाद ही निर्णायक बिंदु अपनी योजनाओं में शामिल करते थे। उनकी इसी क्षमता को पहचानकर पूर्ववर्ती सरकार में भी उन्होंने कई योजनाओं को मूर्त रुप देने में भूमिका निभाई थी। इसमें ग्राम सुराज अभियान जैसे कई कार्यक्रमों को धरातल पर उतारा। इसके बावजूद अफसरों की लॉबिंग के जरिए जब से वे भूपेश सरकार के साथ जुड़े हैं। तब से भाजपा उनके व्यक्तिव और छवि धूमिल करने के प्रयास करती रही। बहरहाल, उन्होंने राजनीतिक आरोपों को कभी अपने पर हॉवी नहीं होने दिया और भूपेश सरकार के साथ मिलकर जनकल्याणकारी योजनाओं के गढ़ने में लगे रहे। आज वे रिटायर तो हो गए लेकिन जब छत्तीसगढ़ की।

# पुलिस महानिदेशक म.प्र. द्वारा पन्ना पहुँचकर कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा

**संभागीय ब्यूरो गौरीशंकर कुशवाहा की पुष्पांजली टुडे की खबर, पुलिस महानिदेशक द्वारा लाइब्रेरी एवं लर्निंग सेन्टर, झूलाघर का किया गया लोकार्पण, समर कैम्प मे शामिल बच्चो से मिलकर पुलिस महानिदेशक ने की बातचीत, पुलिस महानिदेशक म.प्र. शासन श्री सुधीर कुमार सक्सेना निरंतर सम्पूर्ण प्रदेश की कानून व्यवस्था का जायजा ले रहे हैं । इसी तारतम्य में पुलिस महानिदेशक पन्ना जिले में पहुँचे और पुलिस अधीक्षक कार्यालय, महिला थाना एवं कोतवाली थाने का किया निरीक्षण**

**पुलिस महानिदेशक द्वारा लाइब्रेरी और लर्निंग सेन्टर एवं झूला घर का लोकार्पण-**



पुलिस महानिदेशक म.प्र. शासन श्री सुधीर कुमार सक्सेना द्वारा पुलिस लाइन परिसर में स्थित लाइब्रेरी एवं लर्निंग सेन्टर का लोकार्पण किया गया । इस दौरान उन्होने बच्चों के लिये निर्मित लाइब्रेरी एवं लर्निंग सेन्टर को और बेहतर बनाने के निर्देश दिये । डीजी सर के मार्गदर्शन में ही इस लाइब्रेरी एवं लर्निंग सेन्टर की स्थापना की गई जहाँ बच्चे एक स्थान पर बैठकर पुस्तके पढ़ सके साथ ही आपस में विविध विषयों पर चर्चा कर सकें । साथ ही करियर काउन्सलर्स के माध्यम से भविष्य के लिये बेहतर मार्गदर्शन प्राप्त कर सके । इस दौरान उन्होनें बच्चों से समर कैम्प में चल रही गतिविधियों की जानकारी भी ली । वे लाइन में संचालित समर कैम्प के बच्चो से मिले साथ ही उनके प्रशिक्षको से भी मुलाकात की । उन्होनें बच्चो को पढ़ाई के साथ ही साथ खेल तथा अन्य विधायें जैसे- स्पोकन इंग्लिश, कम्प्यूटर तथा मार्शल आर्ट सीखने हेतु प्रोत्साहित किया । सभी बच्चों द्वारा सर की इस नयी पहल हेतु उनका आभार व्यक्त किया गया । आज पुलिस लाइन परिसर में झूलाघर का लोकार्पण भी किया गया । जहाँ पुलिस स्टॉफ की महिला अधिकारी / कर्मचारी अपने छोटे बच्चों को छोड़ सकती हैं और निश्चिंत होकर अपने शासकीय कार्य कर सकती हैं । झूलाघर में बच्चों के लिये खिलौने, चार्ट तथा मनोरंजन की अन्य सामग्री रखी गई है । पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना के इस कार्य की सराहना की और झूलाघर को और बेहतर बनाने के निर्देश दिये ।

**महिला थाना एवं कोतवाली थाना का निरीक्षण** -पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा महिला थाना एवं थाना कोतवाली पन्ना का निरीक्षण किया गया , निरीक्षण के दौरान थानों के रिकार्ड एवं थाना परिसर में साफ-सफाई को देखा गया । इस दौरान थाने के रजिस्टरों का अवलोकन भी किया गया । पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित विवेचना तथा प्रभावी सुपरविजन बावत् निर्देश दिये गये । साथ ही थाना कोतवाली पन्ना द्वारा निर्मित एन्टी हाउस ब्रेकिंग डिवाइस का भी अवलोकन किया गया । इसके बाद उन्होनें थाने के समस्त पुलिस अधि0/कर्मचारियों से मुलाकात की और अनुशासन, अपराध नियंत्रण तथा समुचित शांति व्यवस्था बनाये रखने बावत् निर्देश दिये ।

**पुलिस महानिदेशक द्वारा ली गई अपराध समीक्षा बैठक**-पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा पुलिस अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक ली गई । बैठक के दौरान पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि नागरिकों की सुरक्षा, उन्हें न्याय दिलाना और शांति एवं कानून व्यवस्था बनाये रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है । उन्होने पन्ना जिले के गुंडा-बदमाशों पर सतत निगरानी रखने एवं उनके विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के सख्त निर्देश दिये । विशेषतौर पर महिला व बाल अपराधों पर नियंत्रण, सी.एम. हेल्पलाइन में शिकायतों के समाधान तथा लंबित अपराधो व चालानों के शीघ्रातिशीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिये गये । समीक्षा के दौरान पाया गया कि पन्ना जिले के अपराधों में 12 त्न कमी तथा महिला संबंधी अपराधों में भी कमी आई है । ढ्ढञ्जस्स्ह पोर्टल के अनुसार पन्ना जिले द्वारा कम्पलाइंस रिपोर्ट 85.7त्न रही है । चिन्हित अपराधों में भी दोषसिद्धि का प्रतिशत 74 त्न रहा । इसके अलावा पन्ना जिले में सी.एम. हेल्प लाइन शिकायतों का पुलिस द्वारा त्वरित निराकरण किया गया । सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान पुलिस महानिरीक्षक सागर जोन सागर श्री प्रमोद वर्मा, उपपुलिस महानिरीक्षक




छतरपुर रेन्ज छतरपुर श्री ललित शाक्यवार, पुलिस अधीक्षक पन्ना श्री धर्मराज मीना, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमती आरती सिंह, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पन्ना श्री बी एस बारीबा , अनुविभागीय अधिकारी पुलिस गुनौर श्री पियूष मिश्रा, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस अजयगढ़ श्रीमती कल्याणी बरकडे, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस पवई श्री सौरभ रत्नाकर, डी.एस.पी. ए.जे.के. श्री राजेन्द्र मोहन दुबे, रक्षित निरीक्षक पन्ना श्री खिलावन सिंह कंवर, थाना प्रभारी कोतवाली पन्ना निरीक्षक श्री अरुन कुमार सोनी, थाना प्रभारी पवई निरीक्षक श्री डी के सिंह, थाना प्रभारी अमानगंज निरीक्षक श्री अरविन्द कुजूर तथा पुलिस लाइन, पुलिस अधीक्षक कार्यालय तथा कोतवाली थाने का स्टॉफ उपस्थित रहा । पन्ना भ्रमण के दौरान पुलिस महानिदेशक महोदय द्वारा पन्ना जिले की भौगोलिक जानकारी लेते हुये पन्ना टाइगर रिजर्व और हस्ब्ष्ट का भ्रमण किया ।

# गोधरा कांड पर बनी एक और फिल्म, गोधरा : एक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसी का टीजर जारी

साल 2002 में गुजरात के गोधरा कांड ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया था। इस घटना की पृष्ठभूमि पर अब तक चांद बुझ गया, परजानिया, फिराक जैसी फिल्में और डाक्यूमेंट्री फिल्में बन चुकी है। अब 21 साल बाद इस घटना पर एक और फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम गोधरा- एक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसी है। अब निर्माताओं ने गोधरा का टीजर जारी कर दिया है, जिसे सोशल मीडिया पर काफी पसंद किया जा रहा है। एक्सीडेंट ऑर कॉन्सपिरेसी गोधरा का निर्देशन एमके शिवाक्ष ने किया है, जबकि इस फिल्म का निर्माण बीजे पुरोहित और रामकुमार पाल द्वारा किया जा रहा है। यह फिल्म जल्द सिनेमाघरों में रिलीज होगी। गोधरा- एक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसी गोधरा कांड की जांच के लिए गठित नानावती-मेहता आयोग की रिपोर्ट पर आधारित फिल्म है। इस फिल्म में दिखाया जाएगा कि गोधरा कांड की सच्चाई क्या थी और गोधरा में हुए ट्रेन अग्निकांड के पीछे की कहानी क्या है। 1 मिनट और 11 सेकेंड के इस टीजर में साबरमति एक्सप्रेस ट्रेन के साथ हुए हादसे को दिखाया गया है. फिल्म के टीजर में हम देखते हैं कि ट्रेन की बोगी में लगी इस आग में 59 लोगों की जान गई थी. इसके टीजर में हमें एक फाइल भी देखने को मिलती है, जिस पर नानावटी मेहता कमीशन 2008 लिखा है. फिल्म ट्रेड एनालिस्ट तरण आदर्श ने गोधरा- एक्सीडेंट या कॉन्सपिरेसी का टीजर ट्विटर पर शेयर करते हुए बताया कि इसे बी जे पुरोहित और राम कुमार पाल ने प्रोड्यूस किया है. हालांकि फिल्म की रिलीज डेट अभी अनाउंस नहीं किया गया है।




## इम्तियाज अली की फिल्म चमकीला का टीजर जारी, सामने आईं दिलजीत दोसांझ की झलकियां

इम्तियाज अली ने दर्शकों को कई बेहतरीन फिल्में दी हैं। उनकी गिनती बॉलीवुड के लोकप्रिय निर्देशकों में होती है। अब वह एक बार फिर चर्चा में आ गए हैं। दरअसल, उनकी बहुप्रतीक्षित फिल्म चमकीला का टीजर रिलीज कर दिया गया है और इसी के साथ-साथ फिल्म का आधिकारिक रूप से ऐलान भी हो गया है। इस फिल्म के हीरो दिलजीत दोसांझ हैं। यह जानकारी भी दी गई है कि फिल्म दर्शकों के बीच कब आएगी। दिलजीत ने इंस्टाग्राम पर टीजर साझा कर लिखा, जो नाम सालों से आपके दिलों दिमाग में छाया है, वो अब आपके सामने आया है। देखिए पंजाब के सबसे ज्यादा लोकप्रिय कलाकार अमर सिंह चमकीला की अनकही कहानी। जल्द आ रही है सिर्फ नेटफ्लिक्स पर। टीजर के मुताबिक, यह फिल्म अगले साल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी और जल्द ही ही इसकी रिलीज डेट से भी पर्दा उठ जाएगा। टीजर में दिलजीत, चमकीला के अवतार में नजर आ रहे हैं। इस फिल्म में परिणीति चोपड़ा भी अहम भूमिका निभाएंगी। चर्चा है कि वह इसमें चमकीला की पत्नी अमरजोत का किरदार निभाने वाली हैं। उन्होंने टीजर साझा कर लिखा, आपने उनकी आवाज तो सुनी है, लेकिन अब उनकी कहानी सुनिए ..चमकीला...जल्द ही आ रही है नेटफ्लिक्स पर। साल 2024 में। उनके इस पोस्ट पर प्रशंसकों ने खुशी जाहिर की और कुछ ने फिल्म को ओटीटी के बजाय सिनेमाघरों में रिलीज करने की बात कही। अमर सिंह चमकीला को पंजाब के अब तक के सबसे अच्छे लाइव स्टेज परफॉर्मर्स में से एक माना जाता है। वह गांव के दर्शकों के बीच बेहद लोकप्रिय थे। उन्हें आमतौर पर अब तक के सबसे महान और प्रभावशाली पंजाबी कलाकारों में से एक माना जाता है। उनके हर गाने में उस दौर के पंजाब की सच्चाई थी। चमकीला एक बेखौफ गायक थे, जो अपनी बातों को अपने गीतों के जरिए समाज के सामने परोसते थे। 8 मार्च, 1988 का दिन चमकीला के प्रशंसक कभी नहीं भूल सकते। 27 वर्षीय चमकीला अपनी पत्नी अमरजोत संग कार में जालंधर से महसामपुर में लाइव परफॉर्मेंस के लिए गए थे, लेकिन कार से बाहर निकलते ही दोनों को गोलियों से छलनी कर दिया गया इम्तियाज जब वी मेट, रॉकस्टार, हाइवे और तमाशा जैसी फिल्मों का निर्देशन कर चुके हैं। इन सभी फिल्मों के साथ उन्होंने कॉकटेल और लैला मजनू जैसी फिल्मों की कहानी लिखी है। इम्तियाज ने पिछली बार 2020 में आई फिल्म लव आजकल 2 का निर्देशन किया था। फिल्म में सारा अली खान और कार्तिक आर्यन की जोड़ी नजर आई थी। उन्होंने वेब सीरीज शी से ओटीटी पर कदम रखा था, जो दर्शकों की कसौटी पर खरी उतरी थी।




## 13 साल बाद कमबैक कर रहे फरदीन



फरदीन खान फिल्म विस्फोट के जरिए बॉलीवुड में कमबैक कर रहे हैं। एक्टर का कहना है कि उन्होंने अपने करियर में कभी भी ऐसी भूमिका नहीं निभायी, जो वो विस्फोट में निभाते नजर आएंगे।एक्टर ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी नई फोटो पोस्ट की थी, जो इंटरनेट पर काफी वायरल हुई। आईफा अवार्डस 2023 के मौके पर मीडिया से बात करते हुए एक्टर ने अपनी अपकमिंग फिल्म के बारे में बात की। फरदीन ने कहा- मैं विस्फोट को लेकर बहुत उत्साहित हूं। मेरे अच्छे दोस्त संजय गुप्ता, जिनके साथ मैंने पहले काम किया है, फिल्म का निर्माण कर रहे हैं और कूकी गुलाटी, जिनके साथ मैंने पहले एक विज्ञापन के लिए शूटिंग की है, इसका निर्देशन कर रहे हैं।फिल्म की कहानी फरदीन के किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक पायलट के बेटे का अपहरण कर लेता है, जिसे रितेश देशमुख ने निभाया है।फिल्म के बारे में जानकारी साझा करते हुए अभिनेता ने कहा, यह फिल्म वेनेजुएला की फिल्म रॉक पेपर सिजर्स का हिंदी रीमेक है। मैंने इससे पहले इस तरह की भूमिका करने का प्रयास नहीं किया है। यह 24 घंटे में बताई गई कहानी है, इसलिए यह एक तेज स्पीड वाली क्राइम थ्रिलर है। मैं इसके जल्द रिलीज होने का इंतजार कर रहा हूं।फरदीन आखिरी बार 2010 में रिलीज हुई फिल्म दूल्हा मिल गया में नजर आए थे। एक्टर 13 साल बाद वापसी कर रहे हैं।

## आदिपुरुष ने रिलीज से पहले ही कमा लिया मुनाफा, ऐसे वसूली मोटी रकम

प्रभास अभिनीत आदिपुरुष लगातार सुर्खियों में है। जैसे-जैसे इसकी रिलीज डेट करीब आ रही है, प्रशंसकों के इंतजार की घड़ियां खत्म हो रही हैं। सोशल मीडिया पर फिल्म यह फिल्म ट्रेंड कर रही है क्योंकि आज यानी 29 मई को इसका दूसरा गाना राम सिया राम रिलीज हुआ है। बहरहाल, अब खबर है कि इस फिल्म के तेलुगु थिएट्रिकल राइट्स मोटे दाम पर बेचे गए हैं यानी तेलुगु भाषी राज्यों से निर्माताओं ने पहले ही बढ़िया कमाई कर ली है। पैन इंडिया फिल्म आदिपुरुष को हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में रिलीज किया जा रहा है। इसने रिलीज से पहले ही कमाल कर दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म के तेलुगु थिएट्रिकल रिलीज के राइट्स करीब 170 करोड़ रुपये में बिके हैं। उम्मीद है कि तेलुगु राज्यों आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में फिल्म ताबड़तोड़ कमाई कर सकती है। अब फिल्म के हिंदी और बाकी भाषाओं के थिएट्रिकल राइट्स की कमाई पर लोगों की नजर टिकी है। ओम राउत के निर्देशन में बनी आदिपुरुष को बनाने में 600 करोड़ रुपये की लागत आई है। हालांकि, पहले इसका बजट इतना नहीं था, लेकिन टीजर के बाद हुए बवाल के कारण फिल्म के वीएफएक्स पर सुधार किया, जिसके बाद खर्च बढने से इसका बजट बढ़ गया। बताया जा रहा है कि इस फिल्म के लिए पैन इंडिया स्टार प्रभास ने 150 करोड़ रुपये लिए हैं। यह फिल्म 16 जून को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाएगी। आदिपुरुष के टीजर की लोगों ने जमकर आलोचना की थी, लेकिन इसके ट्रेलर ने सारी शिकायतें दूर कर दीं। भगवान राम के रूप में प्रभास दमदार लगे। ट्रेलर लॉन्च होते ही लाखों लोगों ने देख लिया। हालांकि, ट्रेलर के आधिकारिक तौर पर रिलीज होने से पहले यह सोशल मीडिया पर लीक हो गया था। दरअसल, हैदराबाद में निर्माताओं ने ट्रेलर की एक स्पेशल स्क्रीनिंग रखी थी, जिसके बाद कुछ लोगों ने इसे सोशल मीडिया पर साझा कर दिया था। आदिपुरुष भारतीय पौराणिक महाकाव्य रामायण पर आधारित है,जिसे भारत में कई बार फिल्म और टेलीविजन के लिए रूपांतरित किया गया है। राम के रूप में प्रभास, सीता माता की भूमिका में कृति सैनन और रावण पर आधारित लंकेश का किरदार सैफ अली खान निभा रहे हैं। सनी सिंह फिल्म में लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे हैं। इस फिल्म में पहली बार रामायण की कहानी को काफी दमदार अंदाज में बड़े पर्दे पर दिखाया जाएगा।

## ग्रीन थाई हाई स्लिट आउटफिट में एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर ने बिखेरा जलवा

पंजाबी फिल्म जोगी में अपने अभिनय और खूबसूरती से फैंस को दीवाना बनाने वाली अमायरा दस्तूर आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। उनकी ग्लैमरस तस्वीरें फैंस को काफी बेताब करती हैं। हिंदी, तमिल, तेलुगू फिल्मों में अपना हाथ आजमा चुकी अमायरा दस्तूर सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। ग्रीन कलर की थाई हाई स्लिट आउटफिट में एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर बेहद ही खूबसूरत और कातिलाना नजर आ रही हैं। अमायरा दस्तूर ने इस बोल्ड आउटफिट के साथ डायमंड ज्वैलरी कैरी कर रखी हैं, जिसमें उन्हें देखने वाले देखते ही रह गए। अमायरा दस्तूर ओपन हेयर स्टाइल में क्रेजीपन दिखाती नजर आ रही हैं। अमायरा दस्तूर अपने कातिलाना अंदाज से फैंस को घायल करना जानती हैं। उन्हें पता है कि फैंस का दिल कैसे जीता जाता है। एक्ट्रेस अमायरा दस्तूर लाइट मेकअप में बेहद ही प्यारी लग रही हैं। साथ ही उनकी प्यारी मुस्कान इंटरनेट पर कहर बरपा रही हैं। एक्ट्रेस की इस तस्वीर पर धड़ाधड़ लाइक्स और कमेंट आ रहे हैं। साथ ही फैंस उनकी तस्वीर पर हार्ट और फायर इमोजी की बौछार कर रहे हैं। अमायरा दस्तूर ने फिल्म जोगी में कम्मो का किरदार निभाया है। इस फिल्म में वो दिलजीत दोसांझ के साथ एक गांव की लड़की के रूप में नजर आईं थीं। अमायरा दस्तूर सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी नई-नई फोटो वीडियो शेयर करती रहती हैं।





## जापान का टीजर आउट, मुख्य भूमिका में कार्ति

मणिरत्नम की पोन्नियिन सेलवन फ्रेंचाइजी की सफलता के बाद तमिल स्टार कार्ति जल्द ही राजू मुरुगन द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर जापान में दिखाई देंगे। निर्माताओं ने जापान का फर्स्ट-लुक टीजर जारी किया। जापान कार्ति के लिए एक महत्वपूर्ण फिल्म है। यह उनकी 25वीं फिल्म है। इसमें अनु इमैनुएल, सुनील और विजय मिल्टन भी प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। ड्रीम वारियर पिक्च र्स ने तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में इंट्रो वीडियो साझा किया है।कैप्शन में लिखा- हमारा जापान आने वाला है - भारत में निर्मित। जापान 2023 की दिवाली में रिलीज होगी। वीडियो में, जापान के रूप में कार्ति पूरी तरह से नए तेजतर्रार अवतार में दिखाई दे रहे हैं, घुंघराले बाल, फंकी चश्मा और एक ट्रैक सूट पहने हुए हैं, और उन्होंने अपने दोनों हाथों में दो गोल्डन मशीन गन लिए हुए हैं। सिनेमैटोग्राफी रवि वर्मन की है और एडिटिंग फिलोमिन राज की है।

## नथ जेवर या जंजीर में मेरा किरदार टू-इन-वन है : अनुपमा सोलंकी

एक्ट्रेस अनुपमा सोलंकी नथ जेवर या जंजीर शो पाकर खुद को खुशकिस्मत मानती हैं। उनका कहना है कि वह अपने किरदार को पसंद करती हैं, जो हंसाने के साथ नेगेटिव भी है। नथ जेवर या जंजीर 15 साल का लीप ले रहा है। इस बार 99 फीसदी स्टार कास्ट बदल गई है। दरअसल, यह शो एक नया शो बन रहा है और उन्होंने शो का नाम भी बदल दिया है। इसे अब नथ कृष्णा और गौरी की कहानी से जाना जाता है।मेरा किरदार मैडम सर और बिंदिया सरकार की भूमिका से मिला-जुला है। यह रोल टू-इन-वन है, जो नेगेटिव के साथ-साथ हंसाने वाला भी है। यह नेगेटिव शेड की तुलना में काफी नया और चुनौतीपूर्ण है। मेरा किरदार कलावती है। चाहत पांडे कृष्णा की भूमिका निभा रही हैं और मेरी मां वंदना विठालिनी की भूमिका निभा रही हैं।उन्होंने कहा, दो शैली को एक साथ निभाना सोने पर सुहागा जैसा है। यह पहली बार है जब मैं इस तरह का किरदार निभा रही हूं, जिसमें दोहरे किरदार हैं।मैं किसी रोल में टाइपकास्ट होने के बारे में चिंतित नहीं हूं क्योंकि पिछले साल मैंने मैडम सर किया था, जहां मैंने एक पॉजिटिव किरदार निभाया था और इससे पहले मैंने मोहिनी का किरदार निभाया था, जो भगवान विष्णु का अवतार है। मैं इस टाइप कास्ट के बारे में चिंतित नहीं हूं। उनसे पूछा गया कि क्या वह उन भूमिकाओं से संतुष्ट हैं जो उन्हें मिल रही हैं, तो उन्होंने कहा, मैं अपने करियर से पूरी तरह संतुष्ट हूं क्योंकि मैं अक्सर अलग-अलग भूमिकाएं कर रही हूं।



# सत्यप्रेम की कथा : कार्तिक के गाने पर निर्माताओं ने लगाए करोड़ों रुपये

फिल्म सत्यप्रेम की कथा का जब से ऐलान हुआ है, यह लगातार चर्चा में है। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ अभिनेत्री कियारा आडवाणी की जोड़ी बनी है। फिल्म के लिए निर्माता पानी की तरह पैसे बहा रहे हैं। खबर थी कि इस फिल्म में कार्तिक-कियारा का एक धमाकेदार गाना होगा, जो अक्षय कुमार और सलमान खान जैसे सितारों की फिल्मों को कड़ी टक्कर देगा। अब इस गाने से जुड़ीं नई जानकारियां सामने आई हैं। खबरों के मुताबिक, निर्माताओं ने कार्तिक के कहने पर इस गाने में भारी निवेश किया। गाने को एक ड्रीम सीक्वेंस बताया जा रहा है, जिसमें ईसाई, मुस्लिम, गुजराती और दक्षिण भारतीय शादियों को दिखाया गया है। कार्तिक ने इस गाने पर जोर दिया था, जिसे 7 करोड़ रुपये के बड़े बजट में शूट किया गया है क्योंकि फिल्म की कहानी में कार्तिक का किरदार सत्यप्रेम शादी करना चाहता है, इसलिए शादी का यह ड्रीम सीक्वेंस गाना बिलकुल फिट बैठता है। रिपोर्ट्स में बताया गया है कि इस गाने के लिए 4 सेट लगाए गए थे। ईसाई धर्म की शादी का सेट समारोह सेंटोरिनी, ग्रीस से प्रेरित था। गुजराती शादी के लिए मोहल्ला बनाया गया था, जबकि दक्षिण भारतीय शादी के लिए साउथ के प्रसिद्ध मंदिरों को बनाया गया था। इसके साथ ही मुस्लिम विवाह एक बैंक्वेट हॉल में आयोजित किया गया था। शादी के 2 सेट मड आईलैंड में, जबकि 2 सेट मलाड के एक स्टूडियो में लगाए गए थे। पिछले दिनों फिल्म का टीजर रिलीज हुआ था। कार्तिक-कियारा की जबरदस्त केमिस्ट्री पर दर्शकों ने खूब प्यार बरसाया था। टीजर में कार्तिक कहते हैं, बातें जो कभी पूरी न हों, वादे जो अधूरे न हों, हंसी जो कभी कम न हो, आंखें जो कभी नम न हों और अगर हों तो आंसू उसके हों और आंखें मेरी हों। इससे साफ है कि फिल्म में दर्शकों को प्यार-मोहब्बत की बातों के साथ-साथ काफी ड्रामा भी देखने को मिलने वाला है। सत्यप्रेम की कथा का निर्देशन समीर विद्वांस ने किया है। यह कार्तिक-कियारा की साथ में दूसरी फिल्म है। इससे पहले उनकी जोड़ी फिल्म भूल भुलैया 2 में बन चुकी है। सत्यप्रेम की कथा 29 जून, 2023 को सिनेमाघरों में दस्तक देने वाली है। फिल्म में कार्तिक और कियारा के अलावा, गजराज राव और सुप्रिया पाठक भी अहम भूमिकाओं में हैं। इस फिल्म में कार्तिक सत्तू नाम के एक लड़के का किरदार निभाएंगे और कियारा, कथा देसाई की भूमिका में होंगी।








# म.प्र. अधिकार कर्मचारी पेंशनर महासंघ ने पेंशनरों की लंवित मांगों को लेकर शासन प्रशासन, लोकसूचना एवं माननीय न्यायलय तक गुहार की

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**

ग्वालियर। पेशनरो का 32 माह का छटे वेतन मान का एरियर एवं 27 माह का सातवे वेतन मान का एरियर पेंशनरो को मिले इस हेतु ज्ञापन दिये,व्यकगत माननीय न्यायलय में याचिका दायर कर कार्यवाही की जिसके फलस्वरूप याचिका कर्ता के पक्ष में फैसला हुआ है जिससे सभी पेंशनरो के मिलने का रास्ता खुल गया है। पेंशनरो को आयुषमान सुविधा का लाभ नही मिल रहा है। पेंशनर महासंघ मध्यप्रदेश शासन को इस हेतु दश वार गुहार कर चुका है। पेंशनरो को केन्द्र के समान डी आर मिले इस हेतु शासन,को जिला इकाइयो और प्रांतीय पेंशनर महासंघ माननीय मुख्यमंत्री जी को ज्ञापन दे चुके है एवं वार वार जन प्रतिनिधि वमध्यप्रदेश कर्मचारी पेंशनर कल्याण के अध्यक्ष जिन्हे राज्यमंत्री का दर्जा है उनसे गुहार लगातार कर रहे हैं।



राज्य पुर्नगठन आयोग की धारा 49/6मे यह लेख है कि मध्यप्रदेश 76प्रतिसत वो छत्तीस गढ 24/प्रतिसत राशि वहन करेगा। यह विधान तय है फिर भी मध्यप्रदेश शासन छत्तीस गढ को अनुमति के लिए लेख करते है। महासंघ इस संवंध में वित्त विभाग से सूचना के अधिकार के तहत जानकारी मांग चुका है दीजानेवली जानकारी मे सहमति के प्रधान को नही दर्शाते है। अभी प्रकरण राज्यसूचना आयोग में प्रचलित है जिसकी सुनवाई 323/5/23 को हुई जिसमे महासंघ के प्रदेश संरक्षक श्री बसंत पुरोहित जी आयोग के समय उपस्थित हुए वो अपनी बात आयोग के समक्ष रखी। पेंशनरो की बाजिव मांगो को वरिष्ट केंन्द्र शासन के मंत्रियों तक रखने का प्रयास जारी है। महासंघ ने केंद्रीय मंत्री माननीय नरेन्द्र सिंह तोमर जी से भेट कर समय मांगा। उनके द्वारा शीघ्र समय देने का आश्वासन दिया है। माननीय श्री मंत ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से समय मांगा है। इस प्रकार पेंशनर महासंघ लंवित आवश्क मांगे मनमाने हेतु प्रयास रत है।पेंशनरों में व्यापक असंतोष है। शासन से न्यायोचित मांगे के निराकरण की मांग इस विज्ञप्ति से कर रहा है। मांग करने वाले श्री बसंत पुरोहित संरक्षक मध्यप्रदेश अधिकार कर्मचारी पेंशनर महासंघ एवं मध्यप्रदेश अधिकार कर्मचारी पेंशनर महासंघ के पेंशनर।

## पावरलिफ्टिंग के विश्व विजेता कुलदीप दंडोतिया का ग्वालियर में भव्य स्वागत

**महेंद्र शर्मा उपसंपादक पुष्पांजली टुडे**



**ग्वालियर।** आज दिनांक 30 मई 2023 को भारतीय मजदूर संघ जिला ग्वालियर के द्वारा विश्व चैंपियनशिप के विजेता कुलदीप दंडोतिया और नगर आगमन पर भव्य स्वागत किया गया स्वागत करने वालों में भारतीय मजदूर संघ के विभाग प्रमुख ग्वालियर दतिया भूदयाल पाठक पेंशनर महासंघ के मार्गदर्शक बसंत पुरोहित पेंशनर के जिला मंत्री केसी शर्मा भारतीय मजदूर संघ के जिला अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा जिला मंत्री विजयंत नायक जिला सह मंत्री विजय राठौर पर्यावरण के जिला संयोजक राजेश शर्मा मध्य प्रदेश राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश मंत्री पवन भटनागर मध्य प्रदेश ट्रांसपोर्ट महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष योगेश शर्मा स्वयंसेवक अधिकारी कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र योगी पवन अग्रवाल हाथ ठेला फुटपाथ संघ के अध्यक्ष हंसराज सिसोदिया एमआर संघ के अजीत शर्मा एवं भारतीय मजदूर संघ के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के द्वारा ओल्ड रेस्ट हाउस मैं बब्बू स्वागत कार्यक्रम कर सभी उपस्थित जनों ने पावरलिफ्टिंग के विश्व विजेता कुलदीप दंडोतिया को और फूल मालाओं के साथ हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त की।

## आम जनता के सुझावों से सरकार को काम करने की ताकत मिलती है: भारत सिंह

**ग्वालियर।** आम जनता के सुझावों से सरकार को काम करने के लिए ताकत मिलती हैं। इसी बात को ध्यान में रखकर प्रदेश सरकार ने आम जन की भावना के अनुरूप जनकल्याण के लिए क्रांतिकारी योजनाएँ बनाई हैं। यह बात उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने कही। मंत्री कुशवाह शहर के वार्ड- 61 के अंतर्गत सिरोल एवं वार्ड-63 के अंतर्गत बरौआ नूराबाद में कुल 3 करोड़ 28 लाख रुपए लागत पेयजल लाइनों के भूमि पूजन कार्यक्रमों को संबोधित कर रहे थें। गुरूवार को आयोजित हुए इन कार्यक्रमों में राज्य मंत्री कुशवाह ने सिरोल व पृथ्वीनगर में एक करोड़ 67 लाख रुपए और बरौआ नूराबाद में एक करोड़ 61 लाख रूपए की लागत से डलने जा रहीं पाइप लाईनों का भूमिपूजन किया। साथ ही सिरोल क्षेत्र की 4 अन्य बस्तियों में भी जल्द ही पेयजल लाइन बिछाने का काम कराने की घोषणा भी इस अवसर पर की। उन्होंने पेयजल व्यवस्था से जुड़े नगर निगम के अधिकारियों से इन पेयजल लाइनों के जल्द से जल्द एस्टीमेट तैयार करने के निर्देश दिए। साथ ही कहा जरूरत पड़ने पर विधायक निधि से भी इन पेयजल लाइनों के लिये धनराशि उपलब्ध कराई जायेगी। राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार कुशवाह ने कहा कि ग्वालियर शहर में शामिल हुए गाँवों को शहर




की तरह बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिये प्रदेश सरकार कटिबद्ध है। इसी भाव के साथ नए वार्डों में पेयजल लाइनें बिछाई जा रही हैं। उन्होंने कहा कि इन पेयजल लाइनों के जरिए यहाँ की बस्तियों के निवासियों को तिघरा का फिल्टरयुक्त पानी उपलब्ध होगा। राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने इस अवसर पर जानकारी दी कि प्रदेश सरकार ने संगीत सम्राट तानसेन की जन्मस्थली बेहट, पवित्र स्थल भदावना व काशीबाबा मंदिर तथा देवगढ़ को जोड़ते हुए एक टूरिस्ट सर्किट विकसित करने का निर्णय लिया है। इससे क्षेत्र के विकास के साथ-साथ लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। राज्य मंत्री भारत सिंह कुशवाह ने इस अवसर पर जानकारी दी कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 6 जून को मुरार ग्रामीण क्षेत्र को विकास कार्यों की बड़ी-बड़ी सौगातें देने आ रहे हैं। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद नागरिकों से आग्रह किया कि बेहट में आयोजित होने जा रहे इस कार्यक्रम में आप भी भागीदार बनें। मंत्री कुशवाह ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री श्री चौहान के आतिथ्य में जिन कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण होना हैं उनमें 44 करोड़ रूपए लागत से मूर्तरूप लेने जा रही हस्तिनापुर टिकटौली सिंचाई परियोजना, 85 करोड़ रूपए लागत से खुरैरी से बिजौली-गुंधारा-जिगनिया होते हुए गुहीसर तक व 44 करोड़ रूपए की लागत से जड़ेरूआ-बेहटा से सूरों, चंदपुर व गुठीना होते हुए बहादुरपुर तक बनने जा रहीं डाम्बरीकृत पक्की सड़कें शामिल है। मुख्यमंत्री श्री चौहान इसके अलावा लगभग सवा 6 करोड़ रूपए की लागत से हस्तिनापुर में बनकर तैयार हुए तानसेन तहसील भवन और बेहट व हस्तिनापुर में लगभग 6 करोड़ की लागत से बनाए गए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनों का लोकार्पण करेंगे। इस अवसर पर जितेन्द्र सिंह गुर्जर, रामअवतार सिंह गुर्जर, जगदीश सेंथिया, श्रीमती पुष्पा जाटव व सुनील भाटी सहित अन्य क्षेत्रीय जनप्रतिनिधिगण मौजूद थे।

## भाजपा सरकार गरीबों का हक छीन रही है: डॉ सिकरवार

### कांग्रेस की हाथ जोड़ो पदयात्रा

**ग्वालियर।** भाजपा सरकार लगातार गरीबों का हक छीनने का काम कर रही है। महंगाई, बैरोजगारी, बिजली की समस्या, व्यापारियों के हितों पर कुठाराघात किया जा रहा है। डीजल-पेट्रोल एवं रसोई गैस के दामों में हो रही मूल्य वृद्धि ने आमलोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। यह विचार विधायक डॉ. सतीश सिकरवार ने आज हाथ से हाथ जोडो पद यात्रा में आम नागरिकों के बीच व्यक्त किये। आज 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के गोला का मंदिर ब्लॉक में आज शाम 6 बजे वार्ड 19 के पिन्टू पार्क पुलिस चौकी पर कांग्रेस के जिला पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी, कांग्रेस पार्षद एवं सैकड़ों कार्यकर्ता एकत्रित हुये। यात्रा गायत्री विहार कॉलोनी की समस्त गलियों में घर-घर पहुँची और जनता से सीधे संपर्क कर भाजपा की करनी व कथनी को उजागर



किया। क्षेत्रीय नागरिकों ने अनेक स्थानों पर विधायक डॉ. सिकरवार का पुष्पहार पहनाकर स्वागत किया। हाथ से हाथ जोडो पदयात्रा में वरिष्ठ नेता बलवीर सिंह तोमर, रामबाबू श्रीवास, गौरव तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष हितेन्द्र यादव, पार्षद प्रमोद खरे, गौरव भदौरिया, राजा भदौरिया, कल्लू तोमर, राजेश तोमर, छोटू तोमर, दौलत खान, सागरनाती, ओमी यादव, श्रीमती सीमा समाधिया, वीणा भारद्वाज, संजना राजावत, नीतू चौहान, कुंती सगर, प्रीति शर्मा आदि मौजूद रहे।



## गौशाला को स्वर्गाश्रम बनाने के लिए प्रतिबद्ध हूँ: सिंधिया

**ग्वालियर।** केंद्रीय नागरिक उड्डयन एवं इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने दिल्ली स्थित मंत्रालय में लाल टिपारा गौशाला के गुरुजी श्री रिषभदेवनन्द जी, भाजपा जिला ग्वालियर के जिला मंत्री सत्येन्द्र शर्मा से गौशाला में चल रहे विकास कार्यो नवीन गौशाला निर्माण एवं बायो सीएनजी गैस प्लांट की कार्य प्रगति की जानकारी ली एवं गौशाला की कार्ययोजना के बारे में विस्तृत चर्चा की। केंद्रीय मंत्री सिंधिया ने गौशाला को विश्वस्तरीय बनाये जाने के लिए गौशाला में और क्या क्या अमूलचूल परिवर्तन किए जाए और क्या क्या विकास की आवश्यकता है जिससे गौशाला सर्वसुविधायुक्त बने शेड के निर्माण से लेकर चारा प्रबंधन आधुनिक एवं सुव्यवस्थित करने के विषय पर भी अहम विचार विमर्श किया।

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि ग्वालियर की लाल टिपारा गौशाला को लोग विश्व के कोने कोने से देखने आये और यह स्थान गौमाता एवं गौवंश के लिये स्वर्गाश्रम बन जाये इसके लिए में प्रतिबद्ध हु आप लोग तो मुझे जमीनी स्तर के सुझाव दो गौशाला को विश्वस्तरीय बनाने के लिए वह विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर रहे है ताकि गौमाता की सेवा सर्व सुख सुविधाओं के आधार पर हो गौशाला में किसी भी प्रकार की कोई कमी नहीं रखी जायेगी आने वाले समय मे गौशाला का ऐसा स्वरूप होगा कि लोग यहां पर देखने आएंगे और कहेंगे गौमाता का गौकुल लाल टिपारा ग्वालियर गौशाला है और लोग यहां प्रशिक्षण लेने और गौपालन सीखने आये यही मेरा संकल्प है। इस अवसर पर लाल टिपारा गौशाला को विश्वस्तरीय बनाये जाने के संकल्प के लिए एवं गौशाला के विकास कार्यो के लिए केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया जी का अभिनन्दन श्री ऋषभदेवानन्द जी एवं जिला मंत्री सत्येन्द्र शर्मा के द्वारा किया गया।

## केन्द्र व राज्य सरकार की किसान हितैषी योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने का कार्य करेगा किसान मोर्चा: अभय चौधरी

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा महानगर ग्वालियर की एक कामकाजी बैठक मुखर्जी भवन पर आयोजित की गई। भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की बैठक में मुख्य रूप से मौजूद भाजपा महानगर ग्वालियर के अध्यक्ष अभय चौधरी ने कहा की भारतीय जनता पार्टी द्वारा 30 मई से 30 जून तक चलने वाले महा जनसंपर्क अभियान केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किसानों के हितों में कई कल्याणकारी योजनाओं को चलाया जा रहा है, जिन्हें आम किसानों तक पहुंचना है, जिससे योजनाओं का लाभ किसान भाइयों को मिल सकें. उन्होंने कहा कि उनका किसान मोर्चा संगठन और मजबूत होकर भारतीय जनता पार्टी को मजबूती प्रदान करेगा. उन्होंने कहा कि आने वाले चुनावों में किसान मोर्चा भारतीय जनता पार्टी के साथ कंधे से कंधा मिलाकर केंद्र सरकार को और मजबूती प्रदान करेगा. भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष गिर्राज व्यास ने कहा कि शिवराज सरकार किसानों की चिंता करने वाली सरकार है, सरकार की तमाम योजनाओं को महा जनसंपर्क के द्वारा किसानों को जानकारी दी जायेगी एवं लाभ दिलाने का कार्य किसान मोर्चा द्वारा किया जायेगा। बैठक में किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विपुल गुप्ता, भाजपा से जिला प्रभारी मुकेश दुबे, किसान मोर्चा से जिला प्रभारी अंजनी

## कुंवर जयभान पवैया विधानसभा चुनाव में मुख्य भूमिका में होंगे

**ग्वालियर।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और पूर्व मंत्री कुंवर जयभान सिंह पवैया आजकल भाजपा में सबसे हाट और बजूद वाला चेहरा है। इन दिनों भाजपा में उन्हें संकटमोचक की भूमिका में देखा जा रहा है। कभी बजरंग दल के सुप्रीमो रहकर बजरंग दल को उंचाई प्रदान करने वाले कुंवर जयभान सिंह पवैया को आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी प्रमुख स्टार प्रचारक व संकटमोचक के रूप में इस्तेमाल कर सकती हैं। इसके लिये पार्टी में व्यापक मंथन भी हो चुका है। ब्जरंगी सुप्रीमो रहे कुंवर पवैया को हाट सीट पर लाने की याद पार्टी को उस समय आई है, जब पार्टी के होश विभिन सर्वे रिपोर्टो से उड़े हुये हैं। इसी कारण भाजपा आलाकमान अब जमीन से जुड़े नेताओं को फिर से तवज्जो देने लग गया है। इन्हीं नामों में से एक बड़ा नाम कुंवर जयभान सिंह पवैया का है, पवैया को बीते दिनों भोपाल में अचानक मुख्यमंत्री शिवराज सिंह व प्रदेश अध्यक्ष व्ही.डी. शर्मा ने बुलाकर, मुलाकात कर चिंता भी जाहिर की है और कुंवर साहब से चुनावी मोर्चे पर डट जाने का अनुरोध किया हैं। बीते दिवस कुंवर जयभान सिंह पवैया के भतीजे की शादी में जिस तरह से उनके यहां बड़े नेताओं का मुख्यमंत्री श्री



सिंह के साथ जमावड़ा जुटा, उसमे जाहिर हो गया है कि पवैया अगली सरकार व संगठन में मुख्य भूमिका में होंगे। वैसे भी वह हिन्दूवादी विचारों से करिश्माई भीड़ जुटाने का माददा रखते है।

मुख्यमंत्री के साथ केन्द्रीय मंत्रीद्वय नरेन्द्र सिंह तोमर, ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश प्रभारी मुरलीधर राव, शिवप्रकाश और संगठन मंत्री हितानंद भी आये थे, जो पूरी कोर भाजपा है। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा सहित कई मंत्री व पूर्व मंत्री, सांसद भी जुटे। जबकि राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय एक दिन पहले ही हाजिरी लगा गये थे। भाजपा के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि कुंवर जयभान सिंह पवैया को लेकर पार्टी गंभीर है और उन्हें आगे कर 34 विधानसभा सीटों पर प्रमुखता से प्रचार प्रसार करायेगी, वहीं कई भंवर में फंसी अन्य संभागों की सीटों पर भी उनका उपयोग करेगी। पवैया के लिये पार्टी उनकी पुरानी सीट भी रिक्त करा सकती है, ताकि वह पार्टी के लिये जी दारी से पूरी टीम-टाम के साथ जुट सकें।

**दिग्गज नेता आ रहे पवैया के**–बजरंगी सुप्रीमा कुंवर पवैया के आजकल दिग्गज भाजपा नेताओं की आवाजाही अचानक बढ़ गई है, वह स्वयं भी कल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रभात झा के घर अचानक पहुंच गये और घंटे भर उनके साथ गुफ्तगूं की। इससे पहले कैलाश विजयवर्गीय उनके घर पहुंचे थे। इधर पवैया के यहां 6 जून को भी एक-दो केन्द्रीय मंत्रियों के आने की संभावना है। यह मंत्री केन्द्रीय मंत्री नरेन्द्र सिंह तोमर की पुत्री के विवाह समारोह में पधार रहे हैं।

## स्वदेश दर्शन योजना में ग्वालियर एवं ग्वालियर के आसपास के पर्यटन स्थलों को और बेहतर करने की दिशा में होगा कार्य: संभागीय आयुक्त

**ग्वालियर।** ग्वालियर एवं ग्वालियर के आसपास के पर्यटन स्थलों को स्वदेश दर्शन 2.0 योजना के तहत और व्यवस्थित करने की दिशा में कार्य किया जायेगा। पर्यटकों को बेहतर सुविधायें मिलें, इस दिशा में भी सार्थक प्रयास किए जायेंगे। संभागीय आयुक्त दीपक सिंह एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक डी श्रीनिवास वर्मा की उपस्थिति में आयोजित बैठक में यह बात कही गई। संभागीय आयुक्त कार्यालय में स्वदेश दर्शन योजना 2.0 योजना के तहत ग्वालियर एवं ग्वालियर के आस-पास के क्षेत्र में पर्यटन को बड़ाने और पर्यटन स्थलों को और व्यवस्थित करने की दिशा में कार्य करने के संबंध में महत्वपूर्ण विचार-विमर्श कर निर्णय लिए गए। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश सिंह चंदेल, नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह, सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती नीतू माथुर, अपर कलेक्टर सी बी प्रसाद सहित पर्यटन, लोक निर्माण विभाग, पुरातत्व विभाग सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। संभागीय आयुक्त



दीपक सिंह ने स्वेदश दर्शन योजना के तहत ग्वालियर एवं ग्वालियर के आस-पास चिन्हित पर्यटन स्थलों पर स्मार्ट शौचालय, फूड जोन, सीसीटीव्ही कैमरे, एनाउंसमेंट सिस्टम, पार्किंग एवं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस सहायता केन्द्र की स्थापना का कार्य किया जाए ताकि बाहर से आने वाले पर्यटकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। चिन्हित पर्यटन स्थलों तक आवागमन के लिये भी सुचारू व्यवस्था हो यह भी सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के कंसलटेंट से चर्चा के दौरान कहा कि ग्वालियर में चिन्हित किए गए विभिन्न स्थलों का भ्रमण कर 15 जून तक अपना प्रस्ताव रखें ताकि उस पर विचार-विमर्श कर कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। बैठक के दौरान ग्वालियर एवं ग्वालियर के आसपास के जिन पर्यटन स्थलों को विकसित करने के संबंध में चर्चा हुई उनमें ग्वालियर किला, जयविलास पैलेस, गूजरी महल, सूर्य मंदिर, गोपाचल पर्वत, तानसेन मकबरा, लक्ष्मीबाई समाधि स्थल, तिघरा डैम, मितावली, पड़ावली, बटेश्वर, महाराज बाड़ा, बैजाताल, सरोद घर, बारादरी, धूमेश्वर महादेव मंदिर, गाँधी वन्य प्राणी उद्यान शामिल हैं। बैठक में एडीजीपी डी श्रीनिवास वर्मा ने कहा कि ग्वालियर में पर्यटक अधिक से अधिक आएँ इसके लिये पर्यटन स्थलों पर बेहतर सुविधा के साथ-साथ पर्यटन स्थलों का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाए। पर्यटन स्थलों पर पहुँचने हेतु स्मार्ट परिवहन के साथ ही पर्यटन स्थलों पर प्रशिक्षित गाइड की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए। स्वदेश दर्शन योजना के कंसलटेंट ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जु?कर योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि बैठक के दौरान जो स्थल निर्धारित किए गए हैं उनके संबंध में विस्तृत प्लान तैयार कर आगामी बैठक में रखा जायेगा। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह और सीईओ स्मार्ट सिटी श्रीमती नीतू माथुर ने भी अपने महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

स्वामी, प्रकाशन, मुद्रक एवं संपादक भरत सिंह चौहान द्वारा वॉइस ऑफ मध्यांचल मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 101 वैष्णोपुरम एबी रोड बिरलानगर ग्वालियर म.प्र. 474004 से मुद्रीत करा कर दीपू इलेक्ट्रॉनिक हनुमान मंदिर के पास भिण्ड रोड गोले का मंदिर जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश 474005 से प्रकाशित। भरत सिंह चौहान पी. आर. बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। E-mail : Pushpanjalitoday@gmail.com 0751-4050784, Mob.:8269307478